हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, शनिवार 24 अक्टूबर 2026

तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 16 डिग्री

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 राजस्व पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से...



14 अछोटा में नए फोरलेन पुल को 92 करोड़ की मंजूरी...



खबर संक्षेप

शरद पूर्णिमा 25 अक्टूबर को मनाई जायेगी

धमतरी। विप्र विद्वत परिषद ने बताया कि इस वर्ष 25 अक्टूबर रविवार को शरद पूर्णिमा मनाई जायेगी। सनातन धर्म में शरद पूर्णिमा का एक विशेष महत्व है। इसे आरोग्य का पर्व भी कहा जाता है। परिषद के अध्यक्ष पंडित बालेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि इस दिन चन्द्रमा सोलह कलाओं से पूर्ण होकर अपनी किरणों से धरती पर अमृत वर्षा करते हैं। मीडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने शरद पूर्णिमा की रात्रि में आकाश में उदित चन्द्रमा से अमृतमयी किरणें धरती पर गिरती हैं। शरद पूर्णिमा की रात्रि में लोग घरों की छत या आंगन पर खीर रखते हैं। उसी खीर को प्रसादी के रूप में वितरण किया जाता है।

तर्रागोंदी में ग्रामीण स्तरीय कबड्डी स्पर्धा 25 को

धमतरी। ग्राम तर्रागोंदी (सिलौटी) में नवज्योति क्लब के तत्वावधान में ग्रामीण स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 25 अक्टूबर को रखा गया है। प्रथम से चतुर्थ पुरस्कार क्रमशः 7001, 5001, 3001 और 2001 रुपए रखा गया है।

जिला देवांगन समाज की कार्यकारिणी बैठक 25 को

सिर्री। धमतरी जिला देवांगन समाज की कार्यकारिणी बैठक 25 अक्टूबर रविवार को देवांगन धर्मशाला नहर नाका चौक दानीटोला धमतरी में सुबह 11 बजे रखी गई है। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

उन्नत खेती का प्रशिक्षण लेने पहुंच रहे अन्य जिलों के किसान

मखाना खेती में धमतरी ने लगाई छलांग

- एक दशक में जीरो से 125 एकड़ पर हुआ विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





100 एकड़ से अधिक रकबा में विस्तार

कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. अमित कुमार सिन्हा ने बताया कि मखाना की खेती अब जिले के करीब 125 एकड़ पर की जा रही है। ग्रामीण महिलाओं और निषाद समाज के स्वसहायता समूहों को मखाना प्रोसेसिंग एवं आधुनिक खेती का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है। जिले के ग्राम राखी, छाती, डांडेसरा, पीपरछेड़ी सहित नगरी क्षेत्र के ग्राम सांकरा में मखाना की उन्नत खेती शुरू हो गई है।

जिला मखाना खेती के लिए अन्य जिलों का कृषि तीर्थ बनने लगा है। मखाना की उन्नत खेती सीखने कृषि विज्ञान केंद्र में बालोद जिले के 30 किसानों ने प्रशिक्षण लिया। उत्पादन परिक्षेत्र का भ्रमण कराकर व्यवहारिक एवं व्यावसायिक जानकारी दी गई।

पिछले एक दशक में मखाना खेती के विस्तार पर धमतरी जिले ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। सन 2015 से पहले जिले के कृषि जगत में मखाना का नामोंनिशान नहीं था। सन 2015 में उद्यानिकी विभाग के साथ मखाना खेती और इसके विस्तार के लिए बड़ा प्रयास किया गया। मखाना के प्रोसेसिंग के लिए लाखों रूपये की मशीन सहित आवश्यक सामग्री खरीदी गई। विभिन्न गांवों के किसानों को प्रशिक्षित किया गया। सन 2020 तक मखाना खेतों का विस्तार जिले में 20 एकड़ तक फैल गया था लेकिन इसक बाद मखाना खेती का रकबा ऐसा घटा कि कृषि विज्ञान केन्द्र के फार्म में मात्र एक हेक्टेयर पर आ गया। सन 2025 में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने मखाना खेती से किसानों की आय को दोगुना करने पूरा जोर लगा ⏭ शेष पेज 12 पर

लाल स्कार्फ गैंग के 8 संदिग्ध हिरासत में

- मराठापारा के बाद टिकरापारा में भी हथियारबंद युवकों का आतंक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





हथियारों से लैस कुछ बदमाशों ने मराठापारा की तरह बुधवार की रात्रि टिकरापारा में भी जमकर आतंक मचाया था जिसकी लिखित शिकायत की गई है। वहीं पुलिस मराठापारा में दहशत फैलाने वाले नकाबपोशों पर कार्रवाई करते हुए आठ संदिग्धों को पकड़ पूछताछ कर रही है।

उल्लेखनीय है कि बुधवार की रात्रि बदमाशों के अलग-अलग गैंग ने शहर के मराठापारा बांसपारा व टिकरापारा में आतंक मचाया था। मराठापारा वासियों ने गुरुवार को कोतवाली का घेराव कर अज्ञात लाल स्कार्फ गैंग को बेनकाब कर कड़ी कार्रवाई करने 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया था। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस साइबर टीम के सहयोग से अज्ञात लाल स्कार्फ गैंग को बेनकाब करने में जुट गई। पुलिस ने सड़क किनारे स्थित दुकानों व घरों में लगे सीसीटीवी कैमरों का फुटेज खंगालना शुरु कर दिया। फुटेज के आधार पर पुलिस आठ संदिग्धों को पकड़ कोतवाली ले गई जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस अन्य नकाबपोशों को भी डिटेक्ट करने में जुटी है। बताया जा रहा है कि जल्द ही सभी लाल स्कार्फ गैंक की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मां-बेटी को मिली धमकी

बुधवार की रात्रि हथियारों से लैस कुछ युवकों ने टिकरापारा में भी दहशत फैलाते हुए मां बेटी को धमकी दी थी। पीड़िता ने कोतवाली में नामजद लिखित शिकायत की है। शिकायत में पीड़िता ने कहा है कि उसके भाई के साथ पुरानी रंजिश को लेकर 10 से अधिक युवक तलवार, हॉकी स्टीक, राड, बल्ला व चाकू लेकर मोहल्ले में अश्लील गाली-गलौज कर उसके घर के दरवाजे को पीट रहे थे। गालियां देते हुए उसके भाई को बाहर निकलने कह रहे थे। युवकों ने उसके घर में घुसकर पीड़िता व उसकी मां को मारने की कोशिश की। इस घटना से उसका पूरा परिवार दहशत में है। पीड़िता ने सिटी कोतवाली प्रभारी से उचित कार्रवाई करने का निवेदन किया है।

पति ने पत्नी पर मिट्टीतेल डालकर लगाई आग, गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- बोड़रा संबलपुर की घटना



बच्ची के लिए स्वेटर खरीदने के लिए कहने पर पति ने पत्नी पर मिट्टी तेल डालकर आग लगा दी। महिला को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती किया गया है।

परिजनों के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम बोड़रा संबलपुर निवासी रेणुका साहू का विवाह बीते वर्ष 2025 में बलराम साहू के साथ हुआ था। वर्तमान में उसकी लगभग तीन माह की बच्ची है। पति बलराम ने लोन लिया था। लोन की किस्त जमा करने को लेकर आए दिन घर में विवाद होता था। बीते दिनों पत्नी रेणुका अपनी तीन माह की बच्ची के लिए स्वेटर खरीदने को कहा। इतना सुनते ही बलराम गुस्से में आ गया। बलराम ने इसी बात को लेकर पत्नी को विवाद करते हुए घर में रखा मिट्टी तेल रेणुका के उपर डाल आग लगा दी। महिला का शरीर आग से घिरता जा रहा था। कुछ देर बाद बलराम ने झुलस रही पत्नी पर पानी डालकर आग बुझाया। घटना में रेणुका का गला, पेट व पीठ की तरफ झुलस गई थी। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद अग्निदग्धा को बर्न वार्ड में भर्ती कर उपचार किया जा रहा था। इस दौरान उसकी तीन माह की बच्ची को परिजन भनेश्वरी चांद संभाल रही थी। परिजनों ने पति के खिलाफ पुलिस से कार्रवाई की बात कही है। घटना में महिला 30 प्रतिशत झुलस गई है। बताया जा रहा है कि घटना अर्जुनी पुलिस की जानकारी में है, लेकिन शिकायत नहीं होने के कारण पुलिस कार्रवाई शुरु नहीं की गई है।

दीपांशु हत्याकांड के फरार तीन और आरोपी गिरफ्तार

- चार आरोपियों की पहले ही हो चुकी है गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



दीपांशु हत्याकांड में फरार चल रहे तीन और आरोपियों को अर्जुनी पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पुलिस इस हत्याकांड में शामिल 4 आरोपियों को पहले गिरफ्तार कर चुकी है।

एसपी भावना पाण्डेय के निर्देशन में अर्जुनी पुलिस ने ग्राम मुजगहन में बुधवार की रात्रि हुए दीपांशु हत्याकांड में त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के 18 घंटे के भीतर वारदात में शामिल आरोपी फनेश्वर नेताम उम्र 18 वर्ष, रितेश नेताम उम्र 22 वर्ष, लीलेश उर्फ लीलेश्वर नेताम 20 वर्ष व नोहर यादव उर्फ काला उम्र 23 वर्ष सभी रत्नाबांधा निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया। पुलिस घटना के बाद से फरार आरोपियों की तलाश कर रही थी। पुलिस पतासाजी करते हुए फरार तीन आरोपियों तक पहुंच गई। फरार चल रहे आरोपी शंकर नागरची पिता पुनीत उम्र 19 वर्ष, तामेश्वर नागरची उर्फ मोनू पिता दिनेश उम्र 19 वर्ष व धनेश्वर नागरची पिता पुनीत उम्र 22 वर्ष तीनों रत्नाबांधा निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस अब तक इस हत्याकांड में शामिल 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे व निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 2 नग स्टील का स्प्रिंगदार चाकू, बांस का डंडा सहित घटना के समय पहने कपड़ों को जब्त किया है।

खबर संक्षेप

पटवारियों की हड़ताल को तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ का समर्थन

डांडेसरा(धमतरी)। छग राजस्व पटवारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल को छग तृतीय वर्ग



शासकीय कर्मचारी संघ ने पूर्ण समर्थन दिया है। तहसील अध्यक्ष राजेश पाण्डेय ने पटवारियों की मांगों को न्यायोचित बताते हुए शासन से शीघ्र निराकरण की मांग की। उन्होंने कहा कि तकनीकी खामियों, वेतन विसंगति और लंबित पदोन्नति के कारण पटवारी परेशान हैं। श्री पाण्डेय ने बताया कि हड़ताल से नामांतरण, सीमांकन, प्रमाण पत्र और धान खरीदी संबंधी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने शासन से पटवारी संघ के पदाधिकारियों से वार्ता कर गतिरोध समाप्त करने की अपील की। मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं होने पर तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने अन्य संगठनों के साथ आंदोलन में शामिल होने की चेतावनी दी।

आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आवेदन 6 नवम्बर तक

धमतरी। एकीकृत बाल विकास परियोजना मगरलोड के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र चारभाठा (कमरौद) में सहायिका के भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। परियोजना अधिकारी ने बताया कि संबंधित ग्राम की निवासी महिला 6 नवंबर तक आवेदन कर सकती हैं।

निधन

फेकनदेवी साहू

जीजामगांव। ग्राम कचना निवासी श्रीमती फेकनदेवी साहू का 22 अक्टूबर को आकस्मिक निधन हो गया।



उनके निधन पर के कचंद, हीरादेवी साहू, भागवत, लोकेश्वरी साहू, ठाकुरराम, रुक्मणि साहू, श्यामबती, दानीराम साहू सहित अनेक ग्रामीणों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

मखाना उत्पादन को बढ़ावा देने चार गांवों में बनेंगी डबरियां

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में मखाना उत्पादन को प्रोत्साहित करने तथा कृषि आधारित आजीविका के नए अवसर विकसित करने की दिशा में जल संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा ने ग्राम पंचायत चर्रा स्थित उद्यानिकी महाविद्यालय में मखाना उत्पादन के लिए निर्माणाधीन डबरी का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए डबरी की गहराई, कार्य की गुणवत्ता, श्रमिकों की उपस्थिति, मस्टर रोल के संधारण तथा सृजित मानव दिवस की जानकारी ली।

जिला पंचायत सीईओ ने किया निरीक्षण, गुणवत्ता और समय-सीमा पर दिया जोर

चार गांवों में स्वीकृत हैं डबरी निर्माण कार्य

उद्यानिकी महाविद्यालय की मांग के आधार पर जिले के ग्राम चर्रा, मोंगरा, कातलबोड़ एवं बानगर में मखाना उत्पादन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से डबरी निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इन जल संरचनाओं के विकास से मखाना उत्पादन के लिए आवश्यक जल उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में मदद मिलेगी। स्थानीय स्तर पर कृषि एवं उद्यानिकी आधारित गतिविधियों को बढ़ावा देने की संभावनाएं विकसित होंगी।



आंगनबाड़ी केंद्र का किया अवलोकन

सीईओ ने ग्राम चर्रा में आंगनबाड़ी केंद्र का भी अवलोकन किया तथा वहां उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसके पश्चात उन्होंने महतारी सदन के निर्माण कार्य का निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए निर्धारित मापदंडों के अनुरूप कार्य समय पर पूर्ण कराएं।

निरीक्षण के दौरान सीईओ ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित तकनीकी मापदंडों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने श्रमिकों की उपस्थिति का नियमित संधारण करने तथा मस्टर रोल में कार्यरत श्रमिकों एवं सृजित मानव दिवस का सही-सही अभिलेखन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। कहा कि निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी की जाए, ताकि कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे और गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न हो।

निरीक्षण के दौरान सीईओ जनपद पंचायत अमित सेन सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

नव आनंद कला मंदिर ने धूमधाम से मनाया दशहरा, 40 फीट ऊंचे रावण का हुआ दहन

आंध्रप्रदेश की आतिशबाजी ने दर्शकों को किया रोमांचित, रामलीला मंचन ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नव आनंद कला मंदिर के तत्वावधान में दशहरा पर्व पर रावण भाठा मैदान में रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 40 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। वहीं आंध्रप्रदेश से आई आकर्षक आतिशबाजी ने आसमान में रंग-बिरंगी छटा बिखेरकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद प्रभु श्रीराम और लक्ष्मण की बग्गी सहित भव्य



शोभायात्रा निकाली गई। वहीं दूसरी बग्गी में रावण दल के कलाकार सवार थे। शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए रावणभाठा मैदान पहुंची। यहां पुरानी बस्ती सेवा दल नगरी के कलाकारों ने रामलीला का मनमोहक मंचन किया। कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। राम और रावण दल के बीच हुए प्रसंगों ने लोगों का उत्साह बढ़ाया।

रामलीला मंचन के बाद 40 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। पुतला धू-धू कर जल उठा और पूरा मैदान जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। इसके बाद आंध्रप्रदेश से आई आतिशबाजी ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। आसमान में 50 से अधिक रंग-बिरंगी आतिशबाजी के नजारे देखने को मिले। लगभग 10 प्रकार की अलग-अलग आकृतियों वाली आतिशबाजी के विशेष सिस्टम खंभों पर स्थापित किए गए थे। आसमान में बिखरती रोशनी और आकर्षक आकृतियों को देखकर दर्शक रोमांचित हो उठे।

इस आयोजन में नव आनंद कला मंदिर के सचिव जसपाल खनूजा, कोषाध्यक्ष यशवंत साहू, उपाध्यक्ष होरीलाल पटेल, सुरेश साहू, पुरुषोत्तम निर्मलकर, अश्वनी निषाद, अमित साहू, मिथिलेश कश्यप, दयाशंकर साहू, अश्वनी रावटे, कुनादित्य विश्व, तरुण साहू और लक्ष्मी गुप्ता सहित समिति के पदाधिकारियों का योगदान रहा। वहीं युवा प्रभाग से मुकेश संचेती, रूपेश साहू, नूतन निर्मलकर, नेहल देवांगन, सुरेन्द्र नेताम, निकेश निर्मलकर, दिव्यांशु गजपाल, खिलेश्वर यादव, नमन देवांगन, हिमांशु यादव, नवीन गौर, खिरभान बिसेन, द्रविण साहू, अश्वनी ठाकुर, चंदन भरेवा और शशि पटेल ने सहयोग किया।

वंदेमातरम परिवार व बोल बम समिति ने 75वें अज्ञात शव को दी सद्गति

- डांडेसरा-डाही मार्ग पर मिला था शव
- पुलिस की मौजूदगी में सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

सामाजिक सरोकार और निःस्वार्थ मानव सेवा की अनूठी मिसाल पेश करते हुए बोल बम सेवा समिति एवं वंदेमातरम परिवार कुरुद ने 22 अक्टूबर को 75वें अज्ञात लावारिस शव का विधि-विधान से अंतिम



संस्कार कर सद्गति प्रदान की।

कुरुद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डांडेसरा से डाही जाने वाले मार्ग पर स्थित पुलिया के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ था। शिनाख्त न होने की स्थिति में कुरुद पुलिस की अनुमति एवं उपस्थिति में समिति के पदाधिकारियों ने शव को सम्मानपूर्वक कुरुद स्थित हिंदू मुक्तिधाम पहुंचाया। वहां कफन-दफन और अंतिम संस्कार की सभी औपचारिकताएं पूरी कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

समिति अध्यक्ष भानु चंद्राकर ने बताया कि लावारिस शवों को गरिमापूर्ण अंतिम विदाई देना समिति का संकल्प है और यह 75वां अवसर था, जब किसी अज्ञात मृतक को सद्गति दी गई।

इस पुनीत कार्य में समिति के सह कोषाध्यक्ष भारत साहू, सदस्य कृष्णा ढीमर, सीताराम, मनबोधी, राजा चंद्राकर, रामायण ध्रुव, कमलेश, अमितेष ध्रुव, हरिकिशन दीवान, पुष्कर, शिव साहू, गोविंदा, अमित कुमार तथा पुलिस टीम से एएसआई नंद व आरक्षक भागवत साहू उपस्थित रहे।

अंवरी में 15 फीट रावण के पुतले का दहन

- जय श्रीराम के जयघोष से गूंजा मिनी माता चौक, आकर्षक आतिशबाजी ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक विजयादशमी पर्व अंवरी में उत्साह के साथ मनाया गया। ग्राम के मिनी माता चौक में आयोजित दशहरा उत्सव में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुए। भगवान श्रीराम और रावण के बीच हुए युद्ध के सजीव मंचन, रावण वध और रंग-बिरंगी आतिशबाजी ने उत्सव को यादगार बना दिया। 15 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन



देखने के लिए भीड़ उमड़ी।

रामलीला के कलाकारों ने भगवान श्रीराम और रावण के बीच हुए युद्ध का जीवंत मंचन किया। जैसे-जैसे युद्ध अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंचा, वैसे-वैसे दर्शकों का उत्साह भी बढ़ता गया। जैसे ही भगवान श्रीराम ने रावण का वध किया, पूरा रामलीला मैदान जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। इसके बाद 15 फीट ऊंचे रावण के विशालकाय पुतले का दहन किया गया। पुतले में आग लगते ही लोगों ने उत्साह के साथ विजयादशमी का पर्व मनाया। रावण दहन के दौरान की गई आकर्षक आतिशबाजी से आसमान रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठा। रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी खरोरा का आयोजन हुआ जिसका ग्रामीणों ने आनंद उठाया।





सिर्वे में हर्षोल्लास से मनाया विजयादशमी पर्व

- अधर्म पर धर्म की जीत का संदेश देती है रामलीला : आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

जय सरस्वती लीला मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम सिर्वे में 18 से 20 अक्टूबर तक रामलीला का मंचन किया गया। शुभारंभ दिवस के मुख्य अतिथि आनंद यदु जनपद सदस्य सभापति कुरूद रहे। अध्यक्षता मंडली के संचालक डॉ चोवाराम यदु ने किया। विशेष अतिथि कुलेश्वर ध्रुव ग्रामीण अध्यक्ष, दिलीप कुमार साहू पूर्व सरपंच, फागूराम चक्रधारी पूर्व सरपंच, चन्द्रिका प्रसाद साहू एवं अनंद राम यदु थे।

प्रथम दिवस लंका दहन, द्वितीय दिवस रावण अंगद संवाद एवं तृतीय दिवस 20 अक्टूबर को रावध वध लीला का मंचन किया गया। समापन कार्यक्रम में आनंद यदु जनपद सदस्य सभापति कुरूद,



सरपंच प्रतिनिधि विरेन्द्र साहू, पवन कुमार साहू उपसरपंच, ऐश्वर्य यदु, दौलत निर्मलकर, नंदकुमार साहू, देवलाल पंच, सोनजीत साहू उपस्थित थे।

इस अवसर पर श्री यदु ने कहा कि रामलीला का कार्यक्रम बहुत पुराना है। यह पर्व अधर्म पर धर्म, असत्य पर सत्य और अन्याय पर न्याय की जीत का पर्व है। मंडली के संचालक डॉ चोवाराम यदु ने कहा कि इस मंच के माध्यम से बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। आज के भौतिकता वाद में विलुप्त हो रही रामलीला को जीवित रखना हमारा उद्देश्य है।

सेवा संकल्प अभियान की पहल : वनांचल के बच्चों को मिलेगी आधुनिक शिक्षा

आंगनबाड़ी केंद्र तुमड़ीबहार के बच्चे स्मार्ट टीवी से करेंगे पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम पंचायत ठेनही के आश्रित ग्राम तुमड़ीबहार स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में स्मार्ट टीवी का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सरपंच ज्योति सोम, सभापति दिनेश यादव, वार्ड मेंबर प्रमिला ओटी, भुनेश्वरी यादव, भुवनेश्वरी ओटी, मितानिन संतोषी ध्रुव, कन्हैयालाल नेताम, जीवन ठाकुर, शिव नागेश सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा ध्रुव उपस्थित रहीं।

अतिथियों ने कहा कि स्मार्ट टीवी मिलने से वनांचल क्षेत्र के छोटे बच्चों को आधुनिक एवं तकनीकी शिक्षा से जोड़ने में मदद



मिलेगी। बच्चे अब ऑडियो-वीडियो, शैक्षणिक चित्रों, बालगीतों और ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों के माध्यम से अधिक रोचक ढंग से सीख सकेंगे। इससे बच्चों की सीखने की क्षमता, समझ और रचनात्मकता को बढ़ावा मिलेगा।

अतिथियों ने आगे कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के क्षेत्र में तकनीक की महत्वपूर्ण भूमिका है। ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र के बच्चों को भी आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराना आवश्यक है, ताकि वे प्रारंभिक स्तर से ही नई तकनीकों से परिचित हो सकें और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ सकें।

बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में सकारात्मक पहल

सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्र को स्मार्ट टीवी उपलब्ध होना बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को बेहतर बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। इससे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शिक्षण गतिविधियों को अधिक प्रभावी एवं रोचक बनाने में सहायता मिलेगी।

बच्चों का तकनीकी ज्ञान बढ़ेगा

दिनेश यादव सभापति ने उम्मीद जताई कि स्मार्ट टीवी का उपयोग बच्चों के शैक्षणिक विकास एवं तकनीकी ज्ञान को बढ़ाने के लिए किया जाएगा। यह पहल ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र के बच्चों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत करने में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

अंचल की खबरें

उमरगांव में धूमधाम से मनाई गई विजयादशमी



नगरी। नवरात्रि के समापन के पश्चात अंचल में असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक विजयादशमी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। ग्राम उमरगांव में रावण का पुतला दहन किया गया, जो धू-धू कर जल उठा और पूरे गांव ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ इस दृश्य का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत गांव की परंपरा अनुसार देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना से हुई। इसके पश्चात देव द्वारा रैनी मारने की रस्म निभाई गई, जो स्थानीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। इस धार्मिक अनुष्ठान के बाद रावण दहन का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने एक-दूसरे को सोनपत्ती भेंटकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम में नव दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष मोहन पुजारी, उपाध्यक्ष पूनमचंद कश्यप, शोभित राम नेताम, सचिव जनक साहू, सहसचिव संतोष कामड़े, कोषाध्यक्ष महेश अग्रवाल, पीलाराम ध्रुव, धनीराम साहू, सुरेश मरकाम, कृष्ण मारकोले का सहयोग रहा।

डोड़की में हुआ रामलीला का मंचन



धमतरी। ग्राम डोड़की में आयोजित रामलीला मंचन अंतर्गत रावण वध एवं भगवान श्रीराम के राजतिलक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री महिला मोर्चा श्रीमती प्रियंका सिन्हा उपस्थित रहीं। रामलीला मंचन के दौरान भगवान श्रीराम की विजय, अधर्म पर धर्म की जीत तथा सत्य और न्याय की स्थापना का संदेश दिया गया। इस अवसर पर प्रियंका सिन्हा ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन त्याग, मर्यादा, कर्तव्यनिष्ठा और आदर्शों का प्रतीक है। रामलीला जैसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन हमारी सनातन परंपराओं को जीवंत रखने के साथ-साथ नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, संस्कार और नैतिक मूल्यों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। ऐसे आयोजन से समाज में आपसी सद्भाव, एकता और धार्मिक चेतना का संचार होता है। मौके पर आयोजक समिति के अध्यक्ष हितेश सिन्हा, भागवत सिन्हा, नारायण सिन्हा, चंद्रहास सिन्हा, प्रदीप सिन्हा, राजू सिन्हा, राजकुमार सिन्हा, हेमशंकर सिन्हा, नंदकुमार, ऋषभ सिन्हा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

- भगवान राम का अवतार कर्म प्रधान समाज का आधार : प्रियंका

रामलीला के कलाकारों ने दी अनुपम प्रस्तुति



डाही(धमतरी)। ग्राम बोड़रा में विजयादशमी का पर्व उत्साह से मनाया गया। न्यू दुर्गोत्सव समिति रंगमंच चौक पर रामलीला का आयोजन हुआ। रामलीला के कलाकारों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुति से लोगों का दिल जीत लिया। ग्रामीणों ने तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। मौके पर समिति प्रमुख अध्यक्ष संतोष सेन, रिमसिंह साहू उपसरपंच, भूषण साहू, बृजबिहारी साहू, महेश पाल, रामाधार सेन, भागवत साहू, हिम्मत साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari





विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जौजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201



खबर संक्षेप

बोकरामुड़ाखुर्द में तेंदुए की मौजदूगी से ग्रामीणों में दहशत

बागबाहरा। क्षेत्र के वन बहुल ग्राम बोकरामुड़ा खुर्द के मड़िया पारा में पिछले कुछ दिनों से तेंदुए की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार, तेंदुआ कभी घर की चारदीवारी तो कभी प्राथमिक शाला के टिन शेड के ऊपर दिखाई दे रहा है। इससे ग्रामीणों को खेतों की ओर जाने में भी परेशानी हो रही है। वन विभाग को इसकी जानकारी है और विभागीय कर्मचारी क्षेत्र में गश्त कर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं। हालांकि, अब तक किसी प्रकार की जनहानि की खबर नहीं है। ग्रामीणों के अनुसार, तीन दिन पहले रात में तेंदुआ रुसो नेताम के घर की चारदीवारी में बैठा दिखाई दिया था। लोगों ने हल्ला कर उसे वहां से भगाया। इसके बाद बुधवार शाम को घर से कुछ दूरी पर स्थित प्राथमिक शाला के टिन शेड के ऊपर फिर से तेंदुआ दिखाई दिया। रुसो नेताम के मुताबिक, टिन शेड के पास नीचे भी एक तेंदुआ बैठा हुआ था। ग्रामीणों ने शोर मचाकर उन्हें भगाया।

पीवी ऐप की तकनीकी व व्यावहारिक समस्याओं के निराकरण की मांग

पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

छग राजस्व पटवारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर नगरी क्षेत्र के पटवारी रावणभाटा मैदान नगरी में 10वें दिन अपनी विभिन्न लंबित मांगों और पीवी (फसल भौतिक सत्यापन) ऐप में आ रही तकनीकी एवं व्यावहारिक समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।

पटवारियों का कहना है कि इन समस्याओं से शासन-प्रशासन को पूर्व में अवगत कराने के बावजूद समाधान नहीं होने के कारण उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है। हड़ताल के चलते राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित होने से किसानों सहित आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

ज्ञात हो कि पीवी ऐप के माध्यम से फसलों का भौतिक सत्यापन करने के दौरान मैदानी स्तर पर कई तरह की कठिनाइयां सामने आ रही हैं। खेतों तक पहुंचने के लिए रास्तों की अनुपलब्धता, राजस्व नक्शे और वास्तविक स्थिति में अंतर सहित अन्य तकनीकी समस्याओं के कारण निर्धारित समय-सीमा में सत्यापन का कार्य पूरा करना चुनौतीपूर्ण हो रहा है। संघ की प्रमुख मांगों में पीवी ऐप की तकनीकी एवं व्यावहारिक समस्याओं का निराकरण, वेतन विसंगति दूर करना, वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति तथा विभागीय कार्रवाई से जुड़े मामलों का उचित समाधान शामिल है। संघ का कहना है कि मांगों का निराकरण होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

मौके पर पटवारी संघ के अध्यक्ष मोहरलाल पटेल, उपाध्यक्ष लोकेश्वर गंजीर एवं सुमन राजपूत, सचिव लीलेश सोम, कोषाध्यक्ष पंकज उपाध्याय, मीडिया प्रभारी रोहित सिन्हा, जिला कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र ध्रुव सहित किशोर कश्यप, भूपेंद्र ध्रुव, पुरुषोत्तम चक्रधारी, यामिनी श्रीमाली, रितु नेताम, नीता ध्रुवे सहित अन्य पटवारी उपस्थित रहे।

मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने का निर्णय



वेतन विसंगति दूर करने और पदोन्नति की मांग

पटवारी संघ ने वेतन विसंगति दूर करने, वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति देने तथा पटवारियों के विरुद्ध की जा रही विभागीय कार्रवाई पर रोक लगाने सहित अन्य लंबित मांगों का शीघ्र निराकरण करने की मांग की है। संघ का कहना है कि पटवारी राजस्व विभाग के महत्वपूर्ण कार्यों के साथ विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में भी अहम भूमिका निभाते हैं। ऐसे में मैदानी कार्यों के दौरान आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए उनकी समस्याओं का समाधान किया जाना चाहिए।

नामांतरण, सीमांकन और किसान पंजीयन जैसे कार्य प्रभावित

पटवारियों की हड़ताल से नामांतरण, खंटवारा, सीमांकन, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्रों के लिए प्रतिवेदन तैयार करने, डिजिटल फसल सर्वेक्षण, गिरदावरी और किसान पंजीयन जैसे राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित होने की आशंका है। इन कार्यों के लिए पटवारियों पर निर्भर किसानों और आम नागरिकों को अपने आवश्यक कामों के लिए इंतजार करना पड़ सकता है।

गांव की मिट्टी का कर्ज चुकाने डॉक्टर ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



- महाष्टमी पर बेलोरा में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 250 मरीजों का हुआ उपचार
- सात डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की निःशुल्क जांच की, दवाइयां दी

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

गांव में पले बढ़े एवं पढ़ाई कर डाक्टर बनकर अन्य जगह सेवा देने वाले युवक ने गांव की मिट्टी का कर्ज चुकाने ग्राम पंचायत बेलोरा (मोहंदी) में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया।

महाष्टमी पर फूलकांस हेल्थ वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन द्वारा ग्राम पंचायत बेलोरा में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शुगर, बीपी, एनीमिया, बुखार, सर्दी, थायराइड, आंख, नाक, कान, गला, श्वास तथा अन्य बीमारी का निःशुल्क परीक्षण कर दवाइयों का वितरण भी किया गया। ऑर्गेनाइजेशन के संस्थापक जितेंद्र कुमार ने बताया कि कुल 7 डाक्टरों की टीम ने लगभग 250 मरीजों का इलाज किया। फूलकांस के डायरेक्टर व एमबीबीएस, एमडी डा. दुर्गा दास पूरे दिन उपस्थित रहे और टीम को लीड करते हुए मरीजों का इलाज कर सबको निःशुल्क दवा वितरण भी किया।

इस आयोजन के प्रमुख जितेन्द्र बेलोरा निवासी ने बताया कि फूलकांस संस्था का उद्देश्य गांव के गरीब, कमजोर लोगों को उनके पास जाकर बीमारी का पता लगाना एवं त्वरित उपचार करना है। अपने गांव की मिट्टी का कर्ज चुकाने के उद्देश्य से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर को अपने ही गांव में लगाया। इस आयोजन के लिए ऑर्गेनाइजेशन के संस्थापक और डायरेक्टर ने डॉ अरुण टोंडर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और विकास खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ शारदा ठाकुर का आभार माना।

दवाई से तुरंत राहत मिली

ग्राम के वयोवृद्ध 75 वर्षीय प्रेमलाल साहू ने बताया कि उन्हें बहुत दिनों से श्वास की समस्या थी लेकिन डॉ दुर्गा दास और टीम द्वारा दिए गए स्प्रे और दवाई से उनको तुरंत राहत मिली है।

मुआवजा दीजिए : शॉर्ट सर्किट से फसल खाक, बिजली विभाग ने झाड़ा पल्ला

- पचपेड़ी का अन्नदाता दर-दर भटकने को मजबूर, नेताओं की चुप्पी पर फूटा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

छग में किसान राज के बड़े-बड़े दावों की हवा जिले के ग्राम पचपेड़ी में निकल गई है। यहां सरकारी तंत्र का ऐसा अजब-गजब कारनामा सामने आया है जिसे सुनकर कोई भी माथा पकड़ ले। विभाग ने खुद माना कि बिजली के तारों से निकली चिंगारी ने किसान की डेढ़ एकड़ लहलहाती धान की फसल को राख के ढेर में तब्दील कर दिया, लेकिन जब बात मुआवजे की आई, तो अफसरों ने नियमों का हवाला देकर साफ पल्ला झाड़ लिया।

मामला भखारा तहसील के किसान मनीष साहू का है। बीती 2 मई 2026 को उनके खेत के ऊपर से गुजर रही 11 केवी लाइन से ऐसी चिंगारी बरसी कि महीनों का पसीना और लाखों की लागत मिनटों में खाक हो गई। बिजली विभाग ने बकायदा 25 जून को चिट्ठी लिखकर यह कबूल किया कि पोल के पिन इंसुलेटर में शॉर्ट सर्किट होने से यह आग भड़की थी। हादसे की वजह तो साफ हो गई, लेकिन साहबों का फरमान आया कि नियमों की किताब में ऐसे हादसों का मुआवजा नहीं लिखा है। इतना ही नहीं, जले पर नमक छिड़कते हुए विभाग ने खेत के बीच खड़े जानलेवा खंभे को हटाने के लिए उलटा पीड़ित किसान से ही मोटी रकम और सहमति पत्र मांग लिया। यानी नुकसान भी किसान का और खंभा हटाने का खर्चा भी किसान का।


हरिभूमि
शॉर्ट सर्किट से डेढ़ एकड़ धान की लहलहाती फसल जलकर हुई खाक

किसान संघ का फूटा गुस्सा, दफ्तर घेराव की चेतावनी

इस मामले में भारतीय किसान संघ पीड़ित किसान के पक्ष में खुलकर मैदान में उतर आया है। संघ के जिलाध्यक्ष लालाराम चंद्राकर ने कहा कि खेत में लहलहाती डेढ़ एकड़ धान की फसल किसान की रोजी-रोटी और पूरे परिवार का सहारा थी, जो बिजली विभाग की लापरवाही की भेंट चढ़ गई। पीड़ित किसान का सहयोग करने के बजाय बिजली और कृषि विभाग उनके साथ रूखा व्यवहार कर रहे हैं, जो असहनीय है। किसान की मेहनत की पाई-पाई की भरपाई करना और खेत से पोल को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करना शासन-प्रशासन की सीधी जिम्मेदारी है। उन्होंने दो टूक चेतावनी दी कि यदि जिला प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लेकर पीड़ित किसान मनीष साहू को पूरा मुआवजा नहीं दिलाया, तो भारतीय किसान संघ बिजली दफ्तर का उग्र घेराव करेगा।

सियासी धुरंधरों के इलाके में अन्नदाता लाचार

इस पूरे मामले ने कुरुद के सियासी गलियारों की कलई खोलकर रख दी है। क्षेत्र में एक तरफ भाजपा के फायरब्रांड विधायक व पूर्व कद्दावर मंत्री अजय चंद्राकर का दबदबा है, तो दूसरी तरफ कांग्रेस की जिलाध्यक्ष तारिणी चंद्राकर की मौजूदगी। इसके बावजूद साढ़े 5 महीने से एक अदना सा किसान जनदर्शन, सीएम हेल्पलाइन और दफ्तरों की धूल फांकने को मजबूर है। जनता अब सवाल उठा रही है कि क्या बड़े-बड़े सूरमा सिर्फ चुनाव में वोट बटोरने और भीड़ जुटाने के लिए किसानों को कार्यकर्ता बनाते हैं? जब किसान की कमर टूटी, तो हमदर्दी का एक बोल तक नहीं फूटा।

कालिका चौक में संगीतमय रामलीला मंचन के बाद हुआ रावण दहन



- दशहरा पर्व अहंकार और द्वेष त्यागकर आदर्श जीवन जीने की देता है प्रेरणा: डॉ. महावर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कालिका मंदिर समिति एवं शांति लोक कला मंच के संयुक्त तत्वावधान में विजयादशमी पर कालिका चौक में दशहरा महोत्सव का आयोजन किया गया। भगवान श्रीराम और रावण के बीच हुए युद्ध तथा रावण वध के प्रसंग ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। भगवान श्रीराम द्वारा रावण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान आतिशबाजी भी हुई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ. हीरा महावर ने कहा कि विजयादशमी का पर्व असत्य पर सत्य, बुराई पर अच्छाई, पाप पर पुण्य, अत्याचार पर सदाचार और अज्ञान पर ज्ञान की विजय का संदेश देता है। यह पर्व हमें अपने भीतर छिपी बुराइयों, ईर्ष्या, द्वेष, आपसी कलह, घमंड और अहंकार को त्यागकर आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रभुराम पटेल ने कहा कि प्रभु श्रीराम ने रावण का वध करने के साथ उसके अहंकार का भी मर्दन किया था। हमें भी अपने भीतर छिपे अहंकार रूपी रावण का अंत कर भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। शांति लोक कला मंच के अध्यक्ष दिलीप पटेल एवं सचिव अधिवक्ता गजानंद मीनपाल ने बताया कि समिति द्वारा नवरात्र एवं दशहरा पर्व प्रति वर्ष हर्षोल्लास से मनाया जाता है। वर्ष 1996 में समिति की शुरुआत हुई थी और तब से लगातार प्रतिवर्ष रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में नंदलाल जसवानी, पदमनी चंद्राकर जिला अध्यक्ष सर्व समाज समन्वय महासभा जिला धमतरी, अजय जैन, वरुण राय, आशा लोधी पार्षद, राजू वर्मा पार्षद, देव फुटान, रामा पटेल, संतोष लखोटिया, सावित्री पटेल, राजबाई पटेल, सुशीला मीनपाल एवं शैलेन्द्र नाग मंचासीन रहे।

राम-रावण मंचन ने मोहा मन जोकरों ने दर्शकों को खूब गुदगुदाया



हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम सिर्री में विजयादशमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बजरंग मानस मंडली के तत्वावधान तथा ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित दशहरा उत्सव में भगवान श्रीराम और रावण के बीच हुए युद्ध का शानदार मंचन किया गया।

कार्यक्रम में भगवान श्रीराम की भूमिका धवल साहू ने निभाई, जबकि रावण के किरदार में भूपेंद्र साहू ने अपने अभिनय से दर्शकों का मन मोह लिया। रूपल ने अक्षय कुमार की भूमिका निभाई। हनुमान के किरदार में मेघराज तथा अंगद की भूमिका में पुरुषोत्तम निर्मलकर सहित अन्य कलाकारों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। नाट्य मंचन के माध्यम से कलाकारों ने दर्शकों को आकर्षित किया और कार्यक्रम को यादगार बनाया। संतोष साहू एवं बिसाहू राम ने जोकर का रूप धारण कर हास्य-व्यंग्य और चुटकुलों के माध्यम से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर लगभग 15 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। रावण दहन के साथ ही बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। इसके बाद भव्य आतिशबाजी की गई, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय हो उठा। बजरंग मानस मंडली के अध्यक्ष रोशन विश्वकर्मा ने आभार व्यक्त किया।

विजयादशमी असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक

धमतरी। विजयादशमी पर विधायक ओंकार साहू ने ग्राम माटेगहन (डुबान) में आयोजित रामलीला नाट्य मंचन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्रीराम के आदर्शों का स्मरण करते हुए राम लीला को भारतीय संस्कृति, धार्मिक आस्था एवं सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया।

विधायक श्री साहू ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन हमें सत्य, मर्यादा, त्याग, कर्तव्यनिष्ठा और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। विजयादशमी का पर्व अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन हमारी समृद्ध परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के साथ ही नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और मर्यादित जीवन की सीख देते हैं। समाज में आपसी सद्भाव, एकता और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने में भी इन आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मौके पर जनपद सदस्य जयंत नेताम, महिला कांग्रेस अध्यक्ष अम्बिका सिन्हा, गोलू खान उपसरपंच तिर्रा समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

राम-रावण की शोभायात्रा के बाद हुआ रामलीला का मंचन

- सेमरा बी में 15 फीट रावण के पुतले का दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

ग्राम सेमरा (भखारा) में विजयादशमी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। बाल लीला मंडली एवं ग्राम विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में लगातार तीसरे वर्ष भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमान और लंकापति रावण की डीजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। इसके बाद बस स्टैंड चौक में कलाकारों ने रामलीला का मंचन किया और 15 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया। रावण वध के बाद ग्रामीणों ने एक-दूसरे को रैनी पत्ता भेंटकर दशहरे की बधाई दी।

ग्राम पंचायत, ग्राम विकास समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के पश्चात ठाकुर चौक से श्रीराम सेना और राक्षसराज रावण की सेना की आकर्षक झांकी निकाली गई। 15 फीट के चलित रावण के पुतले के साथ निकली शोभायात्रा कुम्हारपारा और शीतला चौक होते हुए बस स्टैंड चौक स्थित रंगमंच पहुंची। डीजे की धुन के साथ निकली इस शोभायात्रा को देखने बड़ी संख्या में ग्रामीण उमड़े।

कार्यक्रम में जनपद सदस्य बनीता सिन्हा के प्रतिनिधि प्रमोद पन्नू सिन्हा, सरपंच दुर्गा सिन्हा, पूर्व जनपद सदस्य मोतीलाल सिन्हा, ग्रामीण अध्यक्ष लीलेश साहू, पूर्व अध्यक्ष राजेश सिन्हा, पंच राजेश्वरी देवांगन, कमलेश साहू, बाल लीला मंडली अध्यक्ष माधवराम साहू, उपाध्यक्ष ईश्वर साहू एवं पंडित विजय शंकर शर्मा सहित अन्य अतिथियों ने मुकुट कीपूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इन्होंने निभाई भूमिका

इसके बाद बाल लीला मंडली के कलाकार नरेंद्र दास मानिकपुरी, धनसिंह सेन, विजय शंकर शर्मा, माधवराम साहू, मिथिलेश सार्वा, व्यासनारायण साहू, चोवाराम साहू, शिव चक्रधारी, मुनि निषाद, राकेश सेन सहित नन्ही बालिकाओं ने रामलीला का प्रभावशाली मंचन किया। भगवान श्रीराम द्वारा रावण वध के प्रसंग के बाद 15 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। आयोजन में भानूराम सार्वा, बुधराम ध्रुव, खेलन साहू, वीरेंद्र साहू सिलतरा, डोमार साहू, पुनीत साहू, पुकेश सेन सहित अन्य ग्रामीणों ने सहयोग दिया।



बुराई रूपी रावण का अंत करने का आह्वान

अतिथियों ने कहा कि दशहरा असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। रामलीला के मंचन और रावण दहन की सार्थकता तभी है, जब हम अपने भीतर व्याप्त बुराइयों का अंत करें। समाज में सत्य, सद्भाव और आपसी भाईचारे की भावना को मजबूत करते हुए नशामुक्ति की दिशा में प्रयास करें, ताकि गांव को एक आदर्श ग्राम बनाया जा सके।







खबर संक्षेप



नक्सल साया हटा, इंद्रावती टाइगर रिजर्व के जंगलों में हो रही पेट्रोलिंग

जगदलपुर। बरसों तक नक्सलवाद के साये में रहे बीजापुर के इंद्रावती टाइगर रिजर्व में अब जंगल और वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर नई उम्मीद जगी है। सुरक्षा परिस्थितियों में सुधार के बीच वन विभाग ने जंगल की निगरानी तेज कर दी है। वन्यजीवों के शिकार, पेड़ों की अवैध कटाई और वन संपदा की लूट पर लगाम कसने के लिए मैदानी अधिकारियों और कर्मचारियों को दिन के साथ रात में भी पेट्रोलिंग पर लगाया जा रहा है। जंगल के भीतर सुरक्षा का दायरा बढ़ाने के लिए 7-7 किमी में लगभग 22 पेट्रोलिंग सुरक्षा कैंप स्थापित करने की तैयारी है। इन कैंपों के जरिए दुर्गम इलाकों तक वन अमले की पहुंच बढ़ाने और संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी मजबूत करने की योजना है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

मखाना खेती में धमतरी ने लगाई छलांग

दिया। महज एक साल में मखाना खेती जिले के करीब 125 एकड़ में फैल गई है। अन्य जिलों के किसान भी मखाना की उन्नत खेती के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र में प्रशिक्षण लेने आ रहे हैं।

कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. दीपिका चंद्रवंशी ने बताया कि बालोद जिले के किसानों ने मखाना की उन्नत खेती ,वैज्ञानिक उत्पादन, तकनीकों एवं इसकी व्यावसायिक संभावनाओं की जानकारी प्राप्त की। एक दिवसीय प्रशिक्षण के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र पहुंचे किसानों को वैज्ञानिक पद्धतियों, उपयुक्त परिस्थितियों, फसल प्रबंधन एवं उत्पादन से जुड़े पहलुओं पर जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि मखाना जैसी उच्च मूल्य वाली फसलों का उत्पादन एवं प्रसंस्करण किसानों के लिए अतिरिक्त आय एवं ग्रामीण उद्यमिता के लिए नये अवसर विकसित कर सकता है।

कार्यक्रम का संचालन वैज्ञानिक रितिका ठाकुर ने किया। मौके पर डॉ. नेहा गावड़े, आशीष बंजारे, बालोद उद्यानिकी विभाग के अधिकारी गणेश शंकर निर्मलकर, विस्तार अधिकारी मनीष कुमार निषाद, तकनीकी सहायक घनश्याम नागवंशी सहित बालोद के किसान उपस्थित थे।

महापौर-कलेक्टर ने लिया सड़क निर्माण कार्य का जायजा

सिहावा चौक से कोलियारी फोरलेन सड़क के काम में आई तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर में नागरिक सुविधाओं के विस्तार, सुगम यातायात और आधुनिक शहरी अधोसंरचना के विकास के उद्देश्य से सड़क निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के कार्यों को गति दी जा रही है। इसी क्रम में महापौर रामू रोहरा एवं कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने सिहावा चौक से कोलियारी तक लगभग 5 किलोमीटर लंबाई में निर्माणाधीन फोरलेन सड़क के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान नगर निगम आयुक्त अरुण कुमार वर्मा, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ मुरलीधर पैकरा, नगर निगम के पीडब्ल्यूडी प्रभारी पिंटू यादव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि सड़क के दोनों ओर जल निकासी के लिए नाली निर्माण का कार्य प्रगतिरत है। परियोजना के तहत आवश्यक प्रारंभिक कार्य भी शुरू कर दिए गए हैं। अधिकारियों ने निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और निर्धारित मानकों के अनुरूप किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। रत्नाबांधा चौक से मुजगहन तक लगभग 4.4 किलोमीटर लंबाई की फोरलेन सड़क निर्माण की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है।

दोनों फोरलेन सड़क परियोजनाओं में सड़क चौड़ीकरण के साथ आधुनिक पाथ-वे, सुव्यवस्थित जल निकासी, सड़क सुरक्षा के आवश्यक इंतजाम, विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था तथा सड़क किनारे सौंदर्यीकरण के कार्य शामिल हैं। भविष्य में पेयजल पाइपलाइन एवं अन्य शहरी सेवाओं की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए निर्माण किया जा रहा है।

आधुनिक सुविधाओं से युक्त होंगी सड़कें



शहरी विकास को नई दिशा मिलेगी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि शहर की बढ़ती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अधोसंरचना विकास के कार्य सुनियोजित ढंग से किए जा रहे हैं। सड़क निर्माण के साथ गुणवत्ता, समय-सीमा, प्रभावी जल निकासी, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से यातायात दबाव कम करने, आवागमन को सुरक्षित बनाने और शहर को व्यवस्थित स्वरूप प्रदान करने में मदद मिलेगी।

व्यापार, पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा

महापौर श्री रोहरा ने कहा कि धमतरी को स्वच्छ, सुंदर, सुरक्षित एवं आधुनिक शहर के रूप में विकसित करने के लिए नगर निगम और जिला प्रशासन समन्वित रूप से कार्य कर रहे हैं। फोरलेन सड़कों के निर्माण से यातायात अधिक सुगम होगा और शहर के विभिन्न क्षेत्रों के बीच आवागमन की सुविधा बेहतर बनेगी। इससे व्यापार, पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

मड़ेली में नौ दिन तक माता की सेवा, दसवें दिन सातों पंडाल की प्रतिमाओं का एक साथ विसर्जन



■ माता की विदाई के दौरान गांव में रहा त्योहार जैसा माहौल, नम आंखों से भक्तों ने दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

ग्राम मड़ेली में क्वांर नवरात्रि का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। नौ दिनों तक गांव में माता की सेवा-अर्चना की गई।गांव के अलग-अलग स्थानों पर बनाए गए सात पंडालों में मां दुर्गा विराजमान रहीं। प्रतिदिन श्रद्धालुओं ने माता की पूजा-अर्चना कर गांव की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। नवरात्रि के नौ दिनों तक गांव में भक्तिमय वातावरण बना रहा। माता के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालु पंडालों में पहुंचते रहे। पूरे नौ दिनों तक धार्मिक उत्साह और आस्था की अनूठी छटा देखने को मिली। नवरात्रि के दसवें दिन गांव के सातों पंडालों में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का एक साथ विसर्जन किया गया। इस दौरान पूरे गांव में त्योहार जैसा माहौल रहा। माता की विदाई में श्रद्धालु उत्साह के साथ शामिल हुए। नौ दिनों तक जिन माता की श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव से सेवा की, दसवें दिन उन्हीं को विदाई देते समय भक्त भावुक नजर आए।

राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

कांग्रेसियों ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त का पुतला फूंका



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगरी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कथित वोट चोरी, बढ़ती महंगाई और अन्य मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। नगरी, बेलर और कुकरेल ब्लॉक के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांधी उद्यान में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद बजरंग चौक में सभा आयोजित कर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया और रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

बजरंग चौक में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार पर लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने और महंगाई पर नियंत्रण नहीं कर पाने का आरोप लगाया। वक्ताओं ने बढ़ती महंगाई, बिजली दर और किराए में वृद्धि का मुद्दा उठाते हुए सरकार की नीतियों पर सवाल खड़े किए। कांग्रेस नेताओं ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाताओं के नाम काटे जाने की आशंका जताते हुए इस प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए।

विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा और मताधिकार की सुरक्षा के लिए कांग्रेस लगातार संघर्ष कर रही है। उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की भूमिका पर सवाल उठाते हुए उन पर भाजपा को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया। कांग्रेस कथित वोट चोरी और लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन के मुद्दे को लेकर अपनी लड़ाई जारी रखेगी।

पूर्व विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव ने कहा कि यह लड़ाई जनता के अधिकारों और संविधान की रक्षा की लड़ाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर के माध्यम से मतदाता सूची से लोगों के नाम हटाए जा रहे हैं, जिससे उनके मताधिकार पर असर पड़ सकता है। उन्होंने भाजपा पर राजनीतिक लाभ के लिए ऐसे कदम उठाने का आरोप लगाते हुए कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक के अधिकारों की रक्षा जरूरी है।

सभा के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बजरंग चौक से रैली निकाली। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बस स्टैंड पहुंची, जहां मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया गया। इसके बाद प्रदर्शनकारी एसडीएम कार्यालय पहुंचे और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों से अवगत कराया। इस दौरान सिहावा विधानसभा प्रभारी स्मिता सिंह, पूर्व विधायक अशोक सोम, ब्लॉक अध्यक्ष अनवर रजा, राजू सोम, अखिलेश दुबे सहित नगरी, बेलर और कुकरेल ब्लॉक के कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

झरना-युगल के भजनों पर झूमे श्रद्धालु







■ कलाकारों की हैरतअंगेज करतब और मनमोहक झांकियों को देखने उमड़े ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

शारदीय नवरात्र के समापन पर ग्राम सेमरा (बी) में आस्था और भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। दस दिनों की स्तुति-आराधना के बाद जोत-जंवारा और मां दुर्गा की प्रतिमाओं का धूमधाम से विसर्जन किया गया।

इस दौरान बालक दुर्गोत्सव समिति बस स्टैंड चौक द्वारा आयोजित मां शाकंभरी जस झांकी एवं जगराता रोड शो आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा। गायिका झरना साहू और युगल निषाद के भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे, वहीं कलाकारों के हैरतअंगेज करतबों और मनमोहक झांकियों को देखने हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। गांव के इतिहास में पहली बार हुए इस आयोजन को देखने के लिए लोग घरों की छतों तक पर चढ़ गए।

गांव की सड़कों पर हुआ भव्य रोड शो

ग्राम के बस स्टैंड चौक में बालक दुर्गोत्सव समिति तथा रामसागर पारा में नवएकता दुर्गोत्सव समिति द्वारा स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का मंगलवार को विसर्जन किया गया। इस अवसर पर बालक दुर्गोत्सव समिति ने मां शाकंभरी जस झांकी एवं जगराता रोड शो का विशेष आयोजन किया। रोड शो दोपहर में बस स्टैंड चौक से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग, चांदापारा, कबीर चौक, चूलमाटी चौक, शीतला माता चौक, रामसागर पारा और ठाकुर देव चौक होते हुए मोतीनगर के रास्ते पावन खारुन नदी पहुंचा। यहां भक्तों ने नम आंखों से मां अम्बे को विदाई दी और प्रतिमा का विसर्जन किया।

छतों पर चढ़कर देखते रहे लोग

भव्य रोड शो को देखने सेमरा सहित आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। मुख्य मार्गों पर दर्शकों की भारी भीड़ रही। कई लोग घरों की छतों पर चढ़कर इस अद्भुत नजारे को देखते रहे। भक्ति, आस्था और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अनूठे संगम ने पूरे गांव को उत्सवमय बना दिया।

भजनों और रोमांचक करतबों ने मोहा मन

रोड शो में गायिका झरना साहू, युगल निषाद सहित अन्य कलाकारों ने माता के भजनों और गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। भक्ति गीतों की धुन पर श्रद्धालु झूमते और माता के जयकारे लगाते नजर आए। वहीं भगवान शिव, माता पार्वती, मां काली और अघोरी बाबाओं के स्वरूप में कलाकारों ने आकर्षक नृत्य, मनमोहक झांकियों और हैरतअंगेज करतबों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

परंपरानुसार हुआ जोत-जंवारा विसर्जन

क्वांर नवरात्र के दौरान ग्राम सेमरा (बी) के आराध्य स्थल मां शीतला माता मंदिर में बोए गए जोत-जंवारा का अष्टमी पर हवन-पूजन किया गया। नवमी को विधि-विधान से विसर्जन हुआ। जसगीत मंडलियों के साथ श्रद्धालु माता के जयकारे लगाते हुए नाचते-गाते विसर्जन स्थल पहुंचे।

नगरी में मना आरएसएस का विजयादशमी उत्सव, स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन



■ सामाजिक, राजनीतिक व महिला संगठनों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने बुधवार को विजयादशमी उत्सव धूमधाम से मनाया। नगरी संघ के स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में घोष दल के साथ पथ संचलन किया। पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवकों का विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक व महिला संगठनों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। बौद्धिक आयोजन हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता धमतरी जिला प्रचारक हरिराम मधुकर, मुख्य अतिथि रमेश सार्वा ट्रस्टी गायत्री परिवार नगरी व खंड संघचालक गोकुलराम देवांगन थे। स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में सरस्वती शिशु मंदिर में एकत्रीकरण होकर साईं मंदिर, तहसील चौक, शहीद चौक, बस स्टैंड, बजरंग चौक होते हुए कार्यक्रम स्थल राजावाड़ा दंतेश्वरी माई मंदिर तक पथ संचलन किया।

इसके बौद्धिक कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। मुख्य वक्ता जिला प्रचारक ने संघ की स्थापना पर उद्बोधन देते हुए कहा कि 1925 में दशहरा के दिन हिंदुओं को संगठित करने के उद्देश्य से डॉ. केशव बलीराम हेडगेवार द्वारा संघ की स्थापना की गई थी। इस वर्ष संघ का शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है, जिसके तहत देश में पंच परिवर्तन को लेकर देशवासियों को जागरूक करने गांव- गांव, घर-घर जाकर जागरूक करने का काम संघ के स्वयंसेवक कर रहे हैं। संघ द्वारा पंच परिवर्तन के तहत कुटुम्ब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण, नागरिक कर्तव्य और स्व का भाव स्वदेशी को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। विजयादशमी उत्सव नगरी के बाद क्रमशः राजपुर, बेलरगांव, गट्टासिली, घठुला व सांकरा में होगा।

बनियाडीह में नवरात्रि-दशहरा महोत्सव पर सजी सांस्कृतिक संध्या



■ छत्तीसगढ़ी नाचा-गम्मत ने बांधा समां, देर रात तक झूमे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा

ग्राम बनियाडीह में नवरात्रि एवं दशहरा महोत्सव पर रंगमंच भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रसिद्ध मोर संगवारी लोककला मंच भोथली (कुरूद) के कलाकारों ने कुलभूषण चंद्राकर कृत छत्तीसगढ़ी नाचा-गम्मत की मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। कलाकारों की प्रस्तुति पर ग्रामीण देर रात तक झूमते रहे। लोक कलाकारों ने अपनी आकर्षक अदाकारी, हास्य-व्यंग्य और सामाजिक संदेशों के माध्यम से छत्तीसगढ़ी संस्कृति, सामाजिक कुरीतियों तथा पारंपरिक मूल्यों को मंच पर जीवंत किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मनोज साक्षी थे। अध्यक्षता ग्राम पंचायत मैनपुर के सरपंच सुरेंद्र कुमार नेताम ने की। विशेष अतिथि जनपद सदस्य सोनराज वट्टी, बनियाडीह सरपंच माखनलाल सलाम, लिखमा सरपंच राधाबाई नेताम, घुटकेल सरपंच कुसुमलता मरकाम, थाना प्रभारी मधुनाथ ध्रुव और ब्लॉक नगरी सतनामी समाज के अध्यक्ष विष्णु राम टंडन थे।

कार्यक्रम में आयोजन समिति के अध्यक्ष खोमेश सिंह ठाकुर, सचिव केश कुमार पांडे, कोषाध्यक्ष भुनेश्वर सिंह यादव, ग्राम पटेल दिवस कुमार पटेल, सदस्य यशवंत चेलक, राजकुमार वर्मा, गजलाल बेर,जनक सलाम, जगतराम नाग, सुखदेव एवं महेंद्र सहित ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा।

लोककला हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक : मनोज

मुख्य अतिथि श्री साक्षी ने कहा कि नवरात्रि और दशहरा जैसे पर्व केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि हमारी आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं। ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के साथ सामाजिक एकता को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि लोककला मंच के माध्यम से हमारी पारंपरिक कला और संस्कृति जीवित रहती है।

नगरी में सचिवों के प्रभार में हुआ बदलाव





■ मदन और संतोष ने संभाली नई जिम्मेदारी, छबिलाल का कार्यभार ग्रहण करना शेष

■ जिपं सीईओ के आदेश पर तीन ग्राम पंचायतों के सचिवों का हुआ स्थानांतरण

हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरानगरी

जिला पंचायत सीईओ द्वारा जारी स्थानांतरण आदेश के परिपालन में विकासखंड नगरी की तीन ग्राम पंचायतों के सचिवों के प्रभार में बदलाव किया गया है। तीन सचिवों का स्थानांतरण किया गया था। इनमें से दो सचिवों ने अपने नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है, जबकि एक सचिव का कार्यभार ग्रहण करना शेष है। ग्राम पंचायत सांकरा के सचिव मदन सेन को ग्राम पंचायत सिहावा, ग्राम पंचायत सिहावा के सचिव संतोष कुमार को ग्राम पंचायत हिर्रीडीही तथा ग्राम पंचायत हिर्रीडीही के सचिव छबिलाल मरकाम को ग्राम पंचायत सांकरा में पदस्थ किया गया है। आदेश के पालन में मदन सेन ने ग्राम पंचायत सिहावा और संतोष कुमार ने ग्राम पंचायत हिर्रीडीही में कार्यभार ग्रहण कर कामकाज शुरू कर दिया है।

वहीं छबिलाल मरकाम द्वारा ग्राम पंचायत सांकरा में कार्यभार ग्रहण किया जाना अभी शेष है। सिहावा में सचिव मदन सेन के कार्यभार ग्रहण करने के दौरान सरपंच श्रीमती उषादेवी नाग, उपसरपंच सुनील सिंगसार सहित पंचायत के पंचगण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर मदन सेन ने कहा कि ग्राम पंचायत में शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता के साथ निर्धारित समय-सीमा में किया जाएगा। उन्होंने पंचायत क्षेत्र के लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने और पंचायत के कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने की बात कही।

गरबा उत्सव में विद्यार्थियों ने बिखेरी सांस्कृतिक छटा





हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी स्नातकोत्तर महाविद्यालय जीजामगांव में नवरात्रि पर्व पर गरबा उत्सव का आयोजन किया गया। उत्सव में छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता, कलात्मक अभिरुचि एवं सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पारंपरिक वेशभूषा, आकर्षक सजावट, लोकगीतों और सामूहिक गरबा नृत्य ने महाविद्यालय परिसर को उत्सवी रंगों से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. चोवाराम यदु के संरक्षण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी तारनी साहू एवं लीना बैस ने किया।

विद्यार्थियों ने माता सेवा गीत की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम का सांस्कृतिक एवं भक्तिमय वातावरण निर्मित किया। गरबा उत्सव अंतर्गत रंगोली, दीया सजावट, थाली सजावट, एकल गरबा, एकल गीत, फैंसी ड्रेस एवं समूह सांस्कृतिक प्रस्तुति सहित विभिन्न प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण महिषासुर वध की प्रभावशाली मनमोहक झांकी रही। समापन अवसर पर माता के गीतों की धुन पर छात्र-छात्राओं एवं महाविद्यालय स्टाफ ने सामूहिक गरबा नृत्य किया। मौके पर प्राध्यापकगण ऋतुराज, अनिल जांगड़े, ठकेश साहू, लीभा महिलांगे, दिव्या साहू डिकेश्वरी, खिलेश्वर कुमार, योगेश साहू, टाकेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

स्पर्धा में इन्होंने दिखाई प्रतिभा

दीया सजावट प्रतियोगिता में प्रथम सुमन तृतीय सेमेस्टर, द्वितीय लीना चौहान, थाली सजावट प्रतियोगिता में रूपाली साहू, गरबा प्रतियोगिता में प्रथम रुचि साहू (बीए), द्वितीय छविनंदन समूह, सांस्कृतिक प्रस्तुति दीक्षा, रुचि, मिताली, सोनम, हुलेश्वरी एवं कीर्ति (आर्ट्स ग्रुप), एकल गीत प्रतियोगिता में प्रथम रूपाली (बीएससी) तृतीय सेमेस्टर, द्वितीय अंशुमन, फैंसी ड्रेस में प्रथम दीक्षा साहू, द्वितीय कीर्ति साहू रही।

खबर संक्षेप

औद्योगिक परियोजनाओं में स्थानीय को मिले रोजगार

जगदलपुर। बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के मुख्य संयोजक एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश उपाध्यक्ष नवनीत चांद ने जारी बयान में कहा कि छत्तीसगढ़ गठन के बाद 26 वर्षों में बस्तर में औद्योगिक गतिविधियां बढ़ी हैं, लेकिन स्थानीय रोजगार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, सिंचाई और पुनर्वास के वास्तविक परिणामों का सार्वजनिक आकलन जरूरी है। बस्तर का विकास केवल खनिज उत्पादन और निवेश से नहीं, बल्कि स्थानीय जनता को मिले लाभ से मापा जाए। 5वीं अनुसूची, पेसा अधिनियम और वन अधिकार अधिनियम के लागू प्रावधानों का पालन सुनिश्चित हो। स्थानीय रोजगार एवं औद्योगिक जवाबदेही नगरनार स्टील प्लांट और अन्य उद्योगों में स्थानीय युवाओं की नियमित भर्ती, रिक्त पदों तथा ठेका श्रमिकों के आंकड़े सार्वजनिक हों। स्थानीय व्यवसायियों और उद्यमियों को पारदर्शी अवसर मिलें।

चेंदरु और टेम्बू की दोस्ती से जगेगा बाघ संरक्षण का जज्बा



जगदलपुर। बस्तर के जंगलों में कभी चेंदरु और उसके बाघ मित्र टेम्बू की दोस्ती की कहानी ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा था। अब यही ऐतिहासिक कहानी इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर में बाघ संरक्षण की नई मुहिम का आधार बन रही है। वन विभाग ने ग्रामीणों को वन्यजीवों और जंगलों की सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए भावनात्मक जुड़ाव का रास्ता चुना है। बस्तर के 'मोगली' के नाम से मशहूर चेंदरु और उसके बाघ मित्र टेम्बू की यादों को जीवंत कर ग्रामीणों के बीच संरक्षण का संदेश पहुंचाया जा रहा है। चेंदरु और टेम्बू की दोस्ती बस्तर की पहचान से जुड़ी ऐसी कहानी है, जिससे यहां की कई पीढ़ियां परिचित हैं। वन विभाग इसी आत्मीय रिश्ते को माध्यम बनाकर लोगों को समझा रहा है कि बाघ केवल जंगल का एक वन्यजीव नहीं, बल्कि प्रकृति के संतुलन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जंगल सुरक्षित रहेंगे, तभी वन्यजीवों का प्राकृतिक आवास भी सुरक्षित रहेगा। इस अभियान में आकर्षक चित्रों और सरल नारों का सहारा लिया जा रहा है। 'मैं चेंदरु का दोस्त टेम्बू हूं, इंद्रावती टाइगर रिजर्व का जंगल मेरा घर है' जैसे संदेश ग्रामीणों को बाघों के प्रति अपनापन महसूस कराने के साथ उनके संरक्षण की जिम्मेदारी का अहसास करा रहे हैं।

भावनाओं से जुड़ेगा संरक्षण का संदेश : इंद्रावती टाइगर रिजर्व में चेंदरु और टेम्बू की कहानी का उपयोग यह बताता है कि वन्यजीव संरक्षण के लिए केवल नियमों और निदेर्शों के बजाय स्थानीय संस्कृति, स्मृतियों और भावनात्मक जुड़ाव को भी माध्यम बनाया जा सकता है। परिचित चेहरे और कहानी से जुड़ा संदेश लोगों तक आसानी से पहुंचता है।

नगरी रोड किनारे पेड़ों पर पोस्टर-बैनर लगाने वालों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

वृक्षों पर विज्ञापन लगाने वालों को वन विभाग का नोटिस, हटाए जा रहे पोस्टर-बैनर





सामान्य वनमंडल नगरी के धमतरी रोड किनारे स्थित बड़े-बड़े वृक्षों पर व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं विभिन्न संस्थानों द्वारा प्रचार-प्रसार के लिए पोस्टर, बैनर और विज्ञापन लगाए जाने का मामला सामने आया है। वृक्षों पर लगातार बढ़ रही इस गतिविधि को देखते हुए वन विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। विभाग द्वारा पेड़ों पर लगाए गए प्रचार संबंधी पोस्टर-बैनर हटाए जा रहे हैं। संबंधित लोगों को नोटिस देकर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

सड़क किनारे लगे वृक्षों पर जगह-जगह पोस्टर और विज्ञापन सामग्री चस्पा होने से क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता प्रभावित हो रही है। पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि प्रचार-प्रसार के लिए वृक्षों का उपयोग करना उचित नहीं है। कील ठोककर बैनर या पोस्टर लगाने से वृक्षों को नुकसान पहुंचने की आशंका रहती है। इससे वन संरक्षण के प्रयासों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

इस संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी रेंजर जोशी ने कहा कि सड़क किनारे वृक्षों पर लगाए गए प्रचार-प्रसार संबंधी पोस्टर एवं बैनर हटाने की कार्रवाई की जा रही है। जिन लोगों द्वारा वृक्षों पर प्रचार सामग्री लगाई गई है, उन्हें नोटिस देकर कार्रवाई की जाएगी। भविष्य में दोबारा पेड़ों पर पोस्टर-बैनर लगाने वालों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

गीला, सूखा के साथ अब सेनेटरी और विशेष देखभाल वाला कचरा अलग-अलग रखा जाएगा

दो नहीं चार श्रेणियों में होगा कचरा कलेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



अब शहर से लेकर गांवों तक कचरा दो नहीं चार श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाएगा। इसके लिए तैयारी शुरू हो गई है। पहले चरण में 85 ग्राम पंचायतों में इस नियम को लागू किया जा रहा है। 30 अक्टूबर तक इन गांवों में चार श्रेणियों में कचरा कलेक्शन शुरू कर दिया जाएगा। इसके बाद और 63 गांवों को मार्च 2027 तक इसमें शामिल किया जाएगा। 2029 तक जिले की सभी 369 ग्राम पंचायतों में इस नियम को लागू करने का लक्ष्य रखा गया है। शहर में इसके लिए वर्कशॉप आयोजित करने की तैयारी है, जिसक बाद सभी 40 वार्डों में इसे लागू कर दिया जाएगा।

एनजीटी ने कचरा कलेक्शन पर नियम बदल दिया है। नए नियम के अनुसार चार श्रेणी में पर कचरा कलेक्शन होगा, इसमें इसमें गीला कचरा, सूखा कचरा, सेनेटरी कचरा और विशेष देखभाल वाला कचरा शामिल है। सरकार का मानना है कि इससे कचरे के वैज्ञानिक निपटान में मदद मिलेगी और शहरी स्थानीय निकायों पर बोझ कम होगा। केंद्र सरकार ने भी ठोस कचरा प्रबंधन के इस नए नियम को अधिसूचित कर दिया है। उन संस्थाओं, निकायों की जिम्मेदारी तय की गई है, जहां से बड़े पैमाने पर कचरा निकलता है। उल्लेखनीय है कि अब तक केवल गीला-सूखा कचरा का उठाव दो श्रेणी में किया जाता था। इस नियम के लागू होने के बाद आम नागरिकों की भी जिम्मेदारी बढ़ जाएगी, क्योंकि उन्हें भी घर से ही कचरे को चार तरीके से अलग करना होगा।

पहले सरकारी भवनों में लागू होगा

पहले कचरा कलेक्शन का नया नियम ग्राम पंचायत भवन, आंगनबाड़ी, पीडीएस दुकान, अस्पताल सहित अन्य सरकारी दफ्तरों में लागू किया जाएगा। इसके बाद प्रत्येक घर में इस नियम को लागू कर दिया जाएगा। आम नागरिकों को भी इसी हिसाब से कचरा अलग- अलग रखना होगा ताकि कचरा कलेक्शन करते वक्त खतरा कम हो और आसानी से कचरा का वर्गीकृत किया जा सके। नगर निगम और ग्राम पंचायत स्तर पर लोगों को भी इसके लिए जागरूक करने का प्रयास शुरू कर दिया गया है।

गीला कचरा

रसोई का कचरा, सब्जियों और फलों के छिलके, बचा हुआ खाना, मीट, फूल-पत्तियां आदि। इस कचरे को आसपास के कंपोस्टिंग या बायो-प्रोसेसिंग के जरिए निस्तारित किया जाएगा, ताकि जैविक खाद तैयार हो सके।

सूखा कचरा

प्लास्टिक, कागज, धातु, कांच, लकड़ी और रबर जैसे पदार्थ सूखे कचरे में आएंगे। इन्हें मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) में भेजा जाएगा, जहां इनकी छंटाई कर रिसाईलिंग या दोबारा उपयोग की प्रक्रिया होगी।

सेनेटरी कचरा

इस्तेमाल किए गए डायपर, सेनेटरी नैपकिन, टिश्यू, मास्क आदि को सुरक्षित तरीके से लपेटकर अलग रखा जाएगा। इनके कलेक्शन और डिस्पोजल के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी ताकि स्वास्थ्य और पर्यावरण पर खतरा न हो।

विशेष देखभाल कचरा

इसमें पेंट के डिब्बे, बल्ब, मरकरी थर्मामीटर, बैटरियां, एक्सपायर्ड दवाइयां जैसे खतरनाक पदार्थ शामिल होंगे। इन्हें केवल अधिकृत एजेंसियां इकट्ठा करेंगी या तय कलेक्शन सेंटर पर ही जमा करना होगा।

निगम में भी तैयारी शुरू



नगर निगम के सभी 40 वार्डों में भी चार श्रेणियों में कचरा कलेक्शन किया जाना है। इसके लिए कचरा कलेक्शन करने वाली समूहों और पार्षदों को लेकर एक वर्कशॉप आयोजित किया जाएगा। लोगों को भी जागरूक किया जाएगा। फिर चार श्रेणियों में कलेक्शन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सरकार ने बड़े अपशिष्ट उत्पादकों के लिए अलग से नियम बनाए हैं। जिन परिसरों का क्षेत्रफल 20 हजार वर्ग मीटर से ज्यादा है या प्रतिदिन 40 हजार लीटर से अधिक पानी का इस्तेमाल होता है या रोजाना 100 किलो से ज्यादा कचरा निकलता है, उन्हें थोक अपशिष्ट उत्पादक माना जाएगा। ऐसे संस्थानों को अपने परिसर में ही गीले कचरे का निपटान करना होगा या फिर प्रमाणित एजेंसियों से प्रोसेसिंग करानी होगी। इससे नगर निगम पर बोझ कम होगा और कचरा प्रबंधन का विकेंद्रीकरण बढ़ेगा।

कुकरेल के जंगल में अतिक्रमण का प्रयास, वन विभाग ने हटाया कब्जा

- मोहलाई के ग्रामीण वन भूमि पर सामुदायिक भवन बनाने का कर रहे थे प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭कुकरेल(धमतरी)



वन परिक्षेत्र केरेगांव के सियादेही बीट कक्ष क्रमांक 162 में कुकरेल बस स्टैंड के पीछे के जंगल में ग्राम मोहलाई के ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण किया गया था जिन पर वन विभाग द्वारा कार्रवाई की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को कुकरेल चौक के पीछे ग्राम मोहलाई के ग्रामीणों द्वारा सामुदायिक भवन बनाने के लिए वन भूमि पर अतिक्रमण करने का प्रयास किया गया। उस स्थल के कुछ पेड़ों को काटा गया एवं झाड़ियों की सफाई कर मुख्य मार्ग की दाहिनी ओर एक हाइवा मुरुम रखा गया। इस तरह अतिक्रमण करने का प्रयास किया गया। मौके पर वन परिक्षेत्र अधिकारी ओंकार सिंह सिन्हा अपनी टीम के साथ पहुंचे। उन्होंने अतिक्रमणकारियों को समझाया और उन्हें आवेदन देने के लिए कहा तो अतिक्रमणकारियों का कहना था कि हम आवेदन नहीं देंगे। चौक में बहुत से लोगों ने वन विभाग की जमीन पर कब्जा किया है। अतिक्रमण कर घर, दुकान बनाए हैं। हम लोग भी इस जगह पर सामुदायिक भवन बनाएंगे। वन विभाग और अतिक्रमणकारियों के बीच बहस हुई। अतिक्रमणकारी रेंजर के आश्वासन के बाद शांत हुए। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि कुकरेल से मोहलाई मार्ग पर जो पीएमजी एसवायसड़क बनी हुई है और सड़क के किनारे अतिक्रमणकारियों ने मुरूम डाला है, उसे हटाया जाए। मुरुम के लिए इस्तेमाल किए गए हाइवा पर कार्रवाई करने की मांग की है। वन परिक्षेत्र अधिकारी ने बताया कि नारायण पिता कृष्ण यादव द्वारा कक्ष क्रमांक 162 में टिन शेड लगाकर किया अतिक्रमण गया था। दूसरे दिन गुरुवार को अतिक्रमण हटाकर कार्रवाई की गई।

अस्थायी झोपड़ियों को हटाकर अतिक्रमणकारियों को किया बेदखल



- गजकन्हार बीट के गोहाननाला गांव के पास वन अमले ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

वन परिक्षेत्र नगरी अंतर्गत गजकन्हार बीट में वन विभाग ने अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वनभूमि पर बनाई गई सात अस्थायी झोपड़ियों को हटाकर अतिक्रमणकारियों को बेदखल किया। गोहाननाला गांव के पास स्थित कक्ष क्रमांक आरएफ 274 में सात लोगों द्वारा अस्थायी झोपड़ियों का निर्माण किया गया था। वन विभाग के अमले ने मौके पर पहुंचकर झोपड़ियों को हटाया और संबंधित स्थान को अतिक्रमण मुक्त कर सुरक्षित किया।

इस कार्रवाई में एसडीओ संजू, रेंजर जोशी सहित वन परिक्षेत्र नगरी के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। वन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए वनभूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर हुई राजनीतिक दलों की बैठक

मतदाता सूची में जुड़ेंगे युवाओं के नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिले के सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं का नाम जोड़ने और काटने का काम किया जाना है। इसे लेकर राजनीतिक दलों की बैठक हुई, जिसमें पूरी प्रक्रिया पर प्रकाश डाला गया। बताया गया कि नाम जोड़ने और काटने के दौरान स्थान परिवर्तन सहित अन्य कार्य भी किए जाएंगे।

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में फोटोयुक्त मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। इसके तहत सभी मतदान केन्द्रों में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल अधिकारी या अभिहित अधिकारियों द्वारा मतदाता का नाम मतदाता सूची में जोड़ने, निरसन एवं संशोधन करने का कार्य किया जाना है। इस कार्य हेतु जिला स्तर पर समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के साथ-साथ मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के कार्यों को आयोग के निर्देशानुसार करने हेतु जानकारियां दी गई। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण संबंधी कार्रवाई 2 नवंबर तक पूरी की जानी है तथा निर्वाचक नामावलियों का प्रारंभिक प्रकाशन 12 नवंबर को किया जाएगा।

इनके जुड़ेंगे नाम

1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले या इससे अधिक उम्र वाले व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, उन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने, निरसन और संशोधन के लिए 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक दावा आपत्ति प्राप्त की जाएगी तथा 1 अप्रैल 2027, 1 जुलाई 2027 एवं 1 अक्टूबर 2027 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले व्यक्तियों से अग्रिम आवेदन प्राप्त किया जाएगा। ऐसे मतदाता जिनकी मृत्यु हो गई है या शादी विवाह या अन्य कारणों से गांव में निवास नहीं करते हैं, उन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से काटने का कार्य किया जायेगा। ऐसे मतदाता जिनके नाम, रिश्ते, उम्र, सरनेम एवं जन्मतिथि में त्रुटि है, उन मतदाताओं का नाम प्रारूप 8 भरकर संशोधन किया जाएगा। ऐसे मतदाता जो एक मतदान केन्द्र से दूसरे मतदान केन्द्र की सीमा में निवास कर रहे हैं, उन मतदाताओं का स्थान परिवर्तन करने का कार्य भी किया जायेगा। प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण 28 दिसंबर तक किया जाएगा। आयोग के निर्देशानुसार 4 जनवरी 2027 को फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा।

लोककला मंच कचरा-बोदरा की प्रस्तुति ने बांधा समां



- पूर्व विधायक लेखराम ने दिया लोक संस्कृति के संरक्षण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

शारदीय नवरात्र पर ग्राम जोरातराई अं की नव ज्योति दुर्गा उत्सव समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में लोक कला मंच कचरा-बोदरा की मशहूर जोड़ी ने रात्रिकालीन प्रस्तुति से समां बांध दिया। कांग्रेस नेता महेंद्र साहू के विशेष प्रयास तथा राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम की अनुशंसा पर पूर्व विधायक लेखराम साहू की उपस्थिति में आयोजन हुआ।

मुख्य अतिथि लेखराम साहू ने कहा कि नवरात्र शक्ति आराधना का पर्व है। ऐसे आयोजन छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि रास गरबा जैसे आयोजन शहरों की शोभा हैं, लेकिन ग्रामीण परिवेश में होने वाले लोक सांस्कृतिक आयोजनों की अलग पहचान है। इस अवसर पर टीआर साहू, मानक साहू, सुदामा राम साहू, भानुप्रताप साहू, रविंद्र सेन, सचिन पाल, टेमन सिंह साहू, मोहन वैष्णव, पीतांबर निर्मलकर, श्रवण साहू, खेदू पाल, दानी राम तारक, वीर सिंह निर्मलकर, हीरा देवी साहू, प्रेमलता साहू, बिंदु निर्मलकर, उर्वशी साहू, नीलम निर्मलकर समेत अनेक ग्रामीणों ने कार्यक्रम का आनंद लिया।

अंचल की खबरें

बीमार बेटे के इलाज के लिए सामने आया प्रशासन



नगरी। छत्तीसगढ़ शासन और जिला प्रशासन की मानवीय पहल से जिले के एक जरूरतमंद परिवार को बड़ी राहत मिली है। तहसील नगरी के ग्राम देवपुर निवासी जयलाल भरत के पुत्र पिछले 10-11 वर्षों से गंभीर अस्वस्थता से जूझ रहे हैं। लंबे समय से चल रही बीमारी के कारण परिवार को इलाज और अन्य खर्चों में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। मामले को संज्ञान में लेते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर पीड़ित परिवार को समुचित और बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा व्यक्तिगत रुचि लेते हुए इलाज व अन्य आवश्यक खर्चों के लिए राशि 20,000 की नकद आर्थिक सहायता राशि भी प्रदान की गई। मरीज के पिता जयलाल भरत ने कहा कि शासन के इस सहयोग से उनके परिवार को बड़ा संबल मिला है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के प्रति आभार जताया है। मौके पर अनुविभागीय दंडाधिकारी और बीएमओ नगरी उपस्थित थे।

- मुख्यमंत्री और कलेक्टर की संवेदनशीलता से मिला सहारा

वोट चोरी के विरोध में कांग्रेस ने किया पैदल मार्च



अंवरी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भखारा के तत्वावधान में कथित वोट चोरी एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था की निष्पक्षता से जुड़े मुद्दों को लेकर पैदल मार्च निकाला गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला दहन किया। ब्लॉक अध्यक्ष होमेंद्र साहू साहू ने आरोप लगाया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया आवश्यक है। पूर्व विधायक लेखराम साहू ने कहा कि जनता के मताधिकार की रक्षा के लिए अपनी आवाज बुलंद की। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष अविनाश गौर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष भरत नाहर, विनोद साहू पूर्व, जनपद अध्यक्ष शारदा साहू, पूर्व जिला पंचायत गोविन्द साहू, जिला महामंत्री राजू साहू, बिसौहा राम साहू, लेखराम यादव, मनोज साहू, मेघराज, डॉ हरदेल, चमन साहू, राजा बंजारे, गैंदलाल साहू बीरेंद्र साहू समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

- नारेबाजी कर मुख्य निर्वाचन आयुक्त का पुतला फूंका

कुकरेल तहसील के पटवारी हड़ताल पर, किसानों ने किया समर्थन



कुकरेल(धमतरी)। तहसील कुकरेल के पटवारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 13 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। हड़ताल के कारण शासन स्तर से जुड़े राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जिससे किसानों सहित आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पटवारियों की प्रमुख मांगों में पदोन्नति, पीवी ऐप का विरोध, वेतन विसंगति दूर करने सहित पूर्व की सभी मांगें शामिल हैं। हड़ताल में तहसील अध्यक्ष द्विज राम मरकाम, कोषाध्यक्ष इंद्रजीत सिन्हा, सचिव वीरेंद्र कुमार कुंजाम, संरक्षक योगेंद्र श्रीमाली, सहसचिव गोविंद प्रसाद साहू, प्रवक्ता ऋषि कपूर गंगेले, सुरेश वत्सल एवं मीडिया प्रभारी लक्ष्मी धनेशकर उपस्थित रहे। पटवारियों की हड़ताल को स्थानीय किसान संतोष यादव, कुलेश्वर निषाद, तिजराम सिन्हा और चम्मन सेन ने समर्थन दिया। किसानों ने सरकार से पटवारियों की जायज मांगों को शीघ्र पूरा करने की अपील की, ताकि आगामी धान खरीदी एवं अन्य जरूरी कार्य सुगमतापूर्वक संपन्न हो सकें।

- पदोन्नति, वेतन विसंगति दूर करने और पीवी ऐप का विरोध

बस किराया वृद्धि पर जनपद सदस्य ने जताई नाराजगी

नगरी। प्रदेश सचिव आदिवासी कांग्रेस एवं जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम ने राज्य में बस किराया बढ़ाए जाने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल, डीजल, गैस, बिजली और खाद्य सामग्री की बढ़ती कीमत से परेशान आम जनता पर अब सफर का अतिरिक्त बोझ डाल दिया गया है। प्रमोद कुंजाम के अनुसार परिवहन विभाग की 8 अक्टूबर 2026 की अधिसूचना के तहत नई बस किराया दरें लागू की गई हैं। साधारण बस में पहले 5 किलोमीटर के लिए 10 रुपये और उसके बाद 1.75 रुपये प्रति किलोमीटर किराया निर्धारित है। डीलक्स बस में शुरुआती किराया 12 रुपये और बाद में 2.20 रुपये प्रति किलोमीटर, जबकि सुपर लग्जरी बस में 12 रुपये शुरुआती किराया और 3.30 रुपये प्रति किलोमीटर तय किया गया है। उन्होंने बताया कि नगरी से धमतरी का किराया 80 से बढ़कर 120 रुपये और नगरी से रायपुर का किराया 180 से बढ़कर 250 रुपये हो गया है। रात्रिकालीन बस सेवाओं में 10 प्रतिशत अतिरिक्त किराया भी यात्रियों को देना होगा। श्री कुंजाम ने कहा कि इस वृद्धि का असर मजदूरों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों और इलाज के लिए यात्रा करने वाले गरीब परिवारों पर पड़ेगा। उन्होंने सरकार से बढ़ी हुई किराया दर को तत्काल वापस लेने की मांग की।

- सरकार से बढ़ोतरी वापस लेने की मांग

खबर संक्षेप

किसान संघ 27 अक्टूबर को सौंपेगा ज्ञापन

धमतरी। छत्तीसगढ़ किसान यूनियन जिला धमतरी एवं प्रदेश



किसान संघ के पदाधिकारी 27 अक्टूबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम कलेक्टर को छह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपेंगे। घनाराम साहू, राम निहोरा निषाद एवं सुदर्शन ठाकुर ने बताया कि वर्ष 2026-27 में 3358 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त तथा धान अंतर राशि का भुगतान शामिल है। किसानों ने स्मार्ट मीटर हटाने, ऑनलाइन गिरदावरी बंद करने, ऋण पुस्तिका की अनिवार्यता समाप्त करने और दलहन-तिलहन खेती पर 5000 रुपये प्रति एकड़ बोनस देने की मांग की है।

मेस्टर परीक्षा की आवेदन की तिथि 30 तक बढ़ी

जगदलपुर। शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर द्वारा सत्र 2026-27 की सेमेस्टर परीक्षा जुलाई-दिसम्बर 2026 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि 30 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है। विश्वविद्यालय अध्ययनशालाओं एवं समस्त संबद्ध महाविद्यालयों के स्नातक, स्नातकोत्तर तथा डिप्लोमा कक्षाओं के नियमित, स्वाध्यायी, भूतपूर्व एवं एटीकेटी परीक्षार्थी 30 अक्टूबर तक आनलाइन आवेदन कर सकेंगे एवं 31 अक्टूबर तक अध्ययनशालाओं एवं संबद्ध महाविद्यालयों में आनलाइन आवेदन की हार्ड कॉपी एवं आवश्यक दस्तावेज जमा कर सकेंगे।

विश्वविद्यालय ने नामांकन आवेदन की तिथियां बढ़ाईं

जगदलपुर। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर द्वारा सत्र 2026-27 के लिए स्नातक, स्नातकोत्तर तथा डिप्लोमा कक्षाओं के नियमित एवं स्वाध्यायी विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन नामांकन की संशोधित तिथि जारी कर दी गई है। जिन विद्यार्थियों का नामांकन अब तक नहीं हो पाया था, उनके लिए विश्वविद्यालय ने एक अंतिम अवसर प्रदान किया है। विद्यार्थी विलंब शुल्क के साथ 26 से 30 अक्टूबर तक ऑनलाइन नामांकन फॉर्म भर सकते हैं।

मृतक के परिवार को मिले 50 लाख और घायल को 25 लाख

जगदलपुर। दशहरा के दौरान हुए हादसे को लेकर बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के बस्तर ग्रामीण जिला अध्यक्ष संतु कश्यप ने दुख व्यक्त करते हुए शासन-प्रशासन से पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा, रोजगार और न्याय प्रदान करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मृतक के परिवार को 50 लाख मुआवजा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। वहीं घायल को 25 लाख मुआवजा दिया जाए।



अमान्य अनुज्ञा पास से रेत का हो रहा परिवहन, कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अमान्य अनुज्ञा पास के माध्यम से रेत परिवहन में फर्जीवाड़ा करने का मामला साने आया है। गुरूवार को जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने जिला खनिज अधिकारी से मामले की शिकायत कर जांच एव दण्डनात्मक कार्रवाई करने की मांग की है।

जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के जिलाध्यक्ष निखिलेश देवान ने शिकायत ज्ञापन में कहा है कि एक्यपायरी हो चुकी अमान्य भंडारण अनुज्ञा सील का दुरूपयोग किया जा रहा है। अनुज्ञा पास क्रमांक-7226629 का 17 अक्टूबर 2026 को उपयोग किया गया है। अनुज्ञाधारी टीकाराम साहू ग्राम दोनर का जिस रेत भंडारण अनुज्ञा पास का उपयोग किया गया है, उसकी स्वीकृति अवधि 8 जून 2023 से 7 जून 2026 अंकित है। 7 जून से अनुज्ञा पास की अवधि समाप्त होने के बावजूद अक्टूबर 2026 में इस सील का प्रयोग कर रेत का अवैध परिवहन कराया जा रहा है जो छग गौण खनिज अधिनियम 2015 का उल्लंघन है।

जोहर छत्तीसगढ़ पार्टी ने अमान्य अनुज्ञा पास से अवैध परिवहन करने वाले अनुज्ञाधारी वाहन स्वामी, चालकों पर छग गौण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराने तथा अवैध डंप को जब्त करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में निखिलेश देवान, डोमेश्वर साहू, युमेश देवांगन, यादराम यादव, सोमन दास शामिल हैं।

जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने खनिज अधिकारी से की शिकायत

अनुज्ञा अवधि तथा सील में कूटरचना का संदेह

अनुज्ञा पास क्रमांक-8163908 को वाहन क्रं सीजी 07 डीबी 2846 के लिए 18 अक्टूबर को काटा गया है, जिसमें मूल भंडारण अनुज्ञा सील के उपर दूसरी सील लगाकर उसे 8 जून 2026 से 7 जून 2031 दर्ज करने का प्रयास किया गया है। सील एवं समयावधि में किया गया फेर कूटरचित दस्तावेज प्रतीत होता है।



हो रही ईटीपी की अवहेलना

खनिज विभाग के स्पष्ट निर्देशों के अनुसार रेत का समस्त परिवहन ई-ट्रांजिट पास के माध्यम से किया जाना है लेकिन आनलाइन सिस्टम को दरकिनार कर हाथ से लिखे मैनुअल पास जारी कर शासन की राजस्व चोरी की जा रही है।

महापौर रामू रोहरा की पहल रंग लाई, जर्जर पुराने पुल की जगह बनेगा नया पुल

अछोटा में नए फोरलेन पुल के लिए 92 करोड़ मंजूर, धमतरी के विकास को मिलेगी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विजयादशमी पर धमतरी को बड़ी विकास सौगात मिली है। अछोटा में महानदी पर नए फोरलेन पुल के निर्माण के लिए 92 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। लंबे समय से जर्जर पुराने पुल के स्थान पर नए पुल की मांग की जा रही थी। महापौर रामू रोहरा ने इस विषय को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के समक्ष उठाया था। उनकी पहल से इस बहुप्रतीक्षित परियोजना के निर्माण का रास्ता प्रशस्त हुआ है। शहर के विकास और आवागमन को बेहतर बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। सिहावा चौक से भोयना तक 121 करोड़ रुपये की लागत से फोरलेन सड़क निर्माण की स्वीकृति पहले ही मिल चुकी है और इसका निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। महापौर ने कहा कि महानदी पर अछोटा में नए फोरलेन पुल का निर्माण इस सड़क परियोजना के लिए भी आवश्यक था। इस मांग को लेकर प्रदेश सरकार के समक्ष लगातार पहल की गई। बजट में प्रावधान होने के बाद अब 92 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति मिलने से निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।



अछोटा पुल धमतरी में विकास और विश्वास का सेतु बनेगा : रंजना



विष्णुदेव साय सरकार ने धमतरी विधानसभा को दीपावली से पहले बड़ी सौगात दी है। धमतरी-नगरी मार्ग पर ग्राम अछोटा के पास महानदी में उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण के लिए 92.03 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति पर वित्त विभाग ने सहमति दे दी है। इससे क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने की उम्मीद जागी है। पुल बनने से धमतरी, नगरी, सिहावा और आसपास के सैकड़ों गांवों का संपर्क सालभर बना रहेगा। किसानों, विद्यार्थियों, मरीजों और व्यापारियों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। अब लोक निर्माण विभाग द्वारा निविदा प्रक्रिया शुरू कर निर्माण कार्य आगे बढ़ाया जाएगा। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी और सांसद रूपकुमारी चौधरी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह पुल धमतरी के विकास और प्रगति का नया सेतु बनेगा। इससे किसानों को फसल मंडी तक पहुंचाने तथा बच्चों को स्कूल-कॉलेज जाने में सुविधा मिलेगी।

आवागमन होगा सुगम, विकास को मिलेगी गति



नए फोरलेन पुल के निर्माण से धमतरी और आसपास के क्षेत्रों में आवागमन अधिक सुगम और सुरक्षित होने की उम्मीद है। आधुनिक पुल बनने से यातायात व्यवस्था बेहतर होगी तथा सड़क संपर्क को मजबूती मिलेगी। पुराने जर्जर पुल के स्थान पर नया पुल बनने से यात्रियों को सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी। महापौर श्री रोहरा ने इस महत्वपूर्ण परियोजना की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, ओपी चौधरी, प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा और सांसद रूपकुमारी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

जिले में आधारभूत सुविधाएं मजबूत होंगी : प्रीतेश



धमतरी-नगरी मार्ग पर महानदी स्थित अछोटा पुल के स्थान पर नए उच्चस्तरीय पुल एवं फोरलेन पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए राज्य शासन ने 92 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इस निर्णय पर भाजपा के प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार के प्रति आभार जताया है। प्रीतेश गांधी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव तथा वित्त मंत्री ओपी चौधरी का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह स्वीकृति धमतरी जिले के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अछोटा पुल के जीर्ण-शीर्ण होने से क्षेत्रवासियों को लंबे समय से आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। नए पुल के निर्माण से लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सड़क, पुल-पुलिया और अन्य आधारभूत सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता दे रही है। अछोटा में उच्चस्तरीय पुल एवं फोरलेन पहुंच मार्ग बनने से आवागमन अधिक सुगम और सुरक्षित होगा। व्यापार, परिवहन और क्षेत्रीय विकास को भी गति मिलेगी। प्रीतेश गांधी ने कहा कि इस स्वीकृति से धमतरी जिले में आधारभूत सुविधाएं मजबूत होंगी और क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी।

मंडी में ओमश्री धान 4000 रुपए क्विंटल बिका



- नई फसल का इंतजार, चावल के दाम में भी तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कृषि उपज मंडी धमतरी में धान के भाव मजबूत बने हुए हैं। शुक्रवार को मंडी में कुल 563 कट्टा धान पहुंचा। सीमित आवक के बीच ओमश्री धान ने 4000 रुपए प्रति क्विंटल का स्तर पार कर किसानों और व्यापारियों का ध्यान आकर्षित किया। नई फसल की आवक शुरू होने में अभी समय है। ऐसे में पुरानी फसल की उपलब्धता कम होने का असर बाजार पर दिखाई दे रहा है।

मंडी में शुक्रवार को आईआर-64 धान 2200 से 2250 रुपए, सांभा धान 3300 से 3631 रुपए, गोल्डन सांभा धान 3460 से 3600 रुपए तथा सरोना धान 2250 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बिका। वहीं ओमश्री धान का भाव 4001 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज किया गया। अलग-अलग किस्मों के भाव में अंतर होने से किसानों को अपनी उपज के अनुसार बाजार का लाभ मिल रहा है।

वर्तमान में किसानों के पास पुराना धान सीमित मात्रा में बचा है। आगामी पखवाड़े में नई फसल की कटाई शुरू होने की संभावना है। इसके बाद मंडी में आवक बढ़ने की उम्मीद है।

धान की उपलब्धता कम होने से राइस मिलरों को भी खरीद और प्रसंस्करण में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ मिलों में दूसरे राज्यों से धान पहुंचने की जानकारी भी सामने आई है। धान के भाव में तेजी का असर चावल बाजार पर भी पड़ा है। विभिन्न किस्मों के चावल की कीमत में प्रति किलो 10 से 30 रुपए तक वृद्धि बताई जा रही है।

हटकेशर बस्ती में आरएसएस ने मनाया विजयादशमी उत्सव, हुआ शस्त्र पूजन

- वक्ताओं ने हिंदू समाज में एकता, सामाजिक समरसता और राष्ट्र सेवा पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा हटकेशर बस्ती में विजयदशमी उत्सव एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता अवधेश दुबे, मुख्य अतिथि विजय माडले व विशिष्ट अतिथि नगर सर संघ चालक रामलखन गजेंद्र थे। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत शस्त्र पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता श्री दुबे ने अपने उद्बोधन में हिंदू समाज में एकता स्थापित करने, आपसी भेदभाव को दूर करने तथा सामाजिक समरसता को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने समाज के सभी वर्ग से आपसी सद्भाव बनाए रखने और राष्ट्र एवं सामाजिक हित में मिलकर कार्य करने का आव्हान किया। आगे कहा कि विजयादशमी पर्व अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय





का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज में संगठन, अनुशासन, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्र सेवा की भावना को मजबूत करने की प्रेरणा देते है। अन्य अतिथियों ने भी सामाजिक एकता, आपसी सद्भाव एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।

पांच साल पुराने एटीएम कार्ड की वैलिडिटी समाप्त

- जिला सहकारी बैंक के एटीएम दुरूस्त, वैलिडिटी खत्म होने के कारण नहीं निकल रही राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पांच साल पहले किसानों को बांटे गए एटीएम कार्ड की वैलिडिटी समाप्त हो चुकी है। अब वे राशि निकालने के लिए एटीएम पहुंच रहे हैं, जहां पर राशि नहीं निकल रही है। जानकारी के अभाव में वे एटीएम खराब होने की शिकायत कर रहे हैं। जिला सहकारी बैंक से किसानों को सलाह जारी की गई है कि वे संबंधित शाखा से नया एटीएम कार्ड जारी करवा लें।

जिला सहकारी बैंक के एटीएम दुरूस्त हैं। इन मशीनों के रिकार्ड में भी लगातार ट्रांजिक्शन दिखा रहा है। इसके बाद भी कई किसानों का एटीएम कार्ड इन मशीनों में काम नहीं कर रहा है। इसका कारण मशीन का खराब होना नहीं है, बल्कि किसानों के एटीएम कार्ड ही कालातीत हो चुके हैं। जानकारी के अनुसार अब तक करीब 70 हजार किसानों को एटीएम कार्ड जारी किए गए हैं। इन सभी कार्ड की वैलिडिटी पांच साल की होती है। पांच साल की अवधि पूरी होने पर एटीएम कार्ड काम नहीं करता है। जानकारी के अभाव में किसान पुराने एटीएम कार्ड लेकर ही एटीएम पहुंच रहे हैं और राशि नहीं निकलने पर एटीएम मशीन के खराब होने की शिकायत कर रहे हैं।



जल्दी जारी होंगे नए कार्ड

जो किसान अब तक एटीएम कार्ड से वंचित हैं, उनके लिए खुशखबरी है। जिला सहकारी बैंक द्वारा इन किसानों को एटीएम कार्ड जारी करने की तैयारी है। बैंक की सभी 11 शाखाओं के खाताधारकों को यह कार्ड जारी किया जाएगा। एक अनुमान है कि सभी शाखाओं को मिलाकर करीब 6 हजार एटीएम कार्ड जारी किए जाएंगे।

जिला सहकारी बैंक ने किसानों को एडवाइजरी जारी की है कि वे पहले अपना एटीएम कार्ड की वैलिडिटीजांच लें। वैलिडिटी समाप्त होने की स्थिति में वे जिला सहकारी बैंक की संबंधित शाखा में जाकर नया एटीएम कार्ड जारी करवा लें। वहीं सर्वर समस्या होने पर भी राशि निकालने में परेशानी हो सकती है। सर्वर दुरूस्त होने पर राशि आसानी से निकल जाती है।

जिम्मेदारी बदली, जनसेवा का संकल्प दोहराया



- भावुक मन से विजय मोटवानी ने पिंटू यादव को सौंपा पदभार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर निगम में पीडब्ल्यूडी सभापति की जिम्मेदारी से मुक्त होने के बाद पार्षद विजय मोटवानी निगम कार्यालय पहुंचे। दोपहर 12 बजे आमापारा वार्ड के पार्षद श्री मोटवानी ने अपने पुराने कक्ष का ताला खोला तो दो वर्षों के कार्यकाल की यादें ताजा हो गईं। इसी कार्यालय से उन्होंने विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए विभागीय जिम्मेदारियां निभाईं। विदाई के क्षण में वे भावुक नजर आए। इस दौरान नवनियुक्त पीडब्ल्यूडी सभापति पिंटू यादव को आत्मीयता के साथ गले लगाया और अपनी कुर्सी पर बैठाकर पदभार सौंपा। भावुक माहौल में उनकी आंखें भी नम हो गईं। उन्होंने महापौर कक्ष में भगवान की तस्वीर के समक्ष नमन कर आशीर्वाद लिया। पद की जिम्मेदारी बदलने के बावजूद विजय मोटवानी ने जनसेवा और विकास कार्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता कायम रखने का संदेश दिया। उनका कहना है कि वे पार्षद के रूप में जनता के सुख-दुख में सहभागी बने रहेंगे और शहर के विकास में निरंतर योगदान देते रहेंगे।

चार सूत्रीय मांगों को लेकर कोटवारों का गांधी मैदान में धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लंबित मांगों का निराकरण नहीं होने से नाराज जिले के कोटवारों ने गांधी मैदान में एक दिवसीय धरना देकर शासन के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर की। कोटवारों ने नियमितीकरण, सम्मानजनक पारिश्रमिक सहित चार सूत्रीय मांगों को पूरा करने की मांग की।

संघ के जिला अध्यक्ष सुरेश दास मानिकपुरी और संरक्षक राजेंद्र देवदास ने कहा कि कोटवार आजादी के पूर्व से शासन और आम जनता की सेवा करते आ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन और राजस्व संबंधी कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के बावजूद उन्हें शासकीय कर्मचारी का दर्जा नहीं मिला है। इससे कोटवारों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

धरने में एमनदास मानिकपुरी, मोहित अग्रवाल, घनश्याम रायपुरिया, तीरथ कुमार, राजेंद्र कुमार, सुभाष नागरची, श्यामलाल गंधर्व, कोमल सिंह, भगवान सिंग, जुगलकिशोर, पवन नागरची, रोशन दास, सुरेश नागरची, नंदकिशोर कामड़े, धर्मदास मानिकपुरी, धरमू राम नेताम, राजकुमार चालकी, तेजराय देवदास, दीनदयाल, चंद्रपाल, मोहन मरकाम सहित जिले के कोटवार शामिल हुए।



ये हैं प्रमुख मांगें

कोटवारों की पहली मांग नियमितीकरण करते हुए राजस्व विभाग में संविलियन करने की है, ताकि उन्हें बीमा, पेंशन और ग्रेच्युटी जैसी सुविधाएं मिल सकें। दूसरी मांग सभी कोटवारों को एक समान श्रेणी में रखते हुए न्यूनतम 15 हजार रुपए मासिक पारिश्रमिक देने की है। तीसरी मांग रिक्त पदों पर कोटवार परिवार के सदस्यों की नियुक्ति की परंपरा बहाल करने तथा नियुक्ति प्रक्रिया में मनमानी और भ्रष्टाचार रोकने स्पष्ट आदेश जारी करने की है। चौथी मांग नगरीय निकायों में कोटवारों की नियुक्ति पर लगे प्रतिबंध को हटाने की है।

बेलरगांव में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया

नगरी। ग्राम बेलरगांव में दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कृषि एवं ग्राम विकास समिति बेलरगांव के तत्वावधान में पीएचपी द्वारा रावण भाठा में पारंपरिक रामलीला का मंचन किया गया। रामलीला देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए।





